इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।
आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 अंक -25 राजनांदगांव, बुधवार 11 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

स्वस्तिक
स्पोर्ट्स, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैंड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटपट्टी के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-407791, 7440777791
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com

उपराष्ट्रपति धनखड़ के खिलाफ इंडिया गठबंधन का अविश्वास प्रस्ताव, नोटिस पर 60 सांसदों ने किए दस्तखत

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर टकराव देखने को मिल रहा है। उपराष्टपति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया था। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया है।

विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस में कांग्रेस पार्टी के अलावा टीएमसी, आप, सपा, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और आरजेडी समेत अन्य दलों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्षी दलों ने धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण सदन चलाने का आरोप लगाया है।

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस ने कहा कि इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने ट्वीट किया, राज्यसभा के माननीय सभापति द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीक़े से उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करने के कारण इंडिया ग्रुप के सभी घटक दलों के पास उनके ख़िलाफ़ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इंडिया की पार्टियों के लिए यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है, लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को सौंपा गया है। उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए किसी भी सदन (राज्यसभा या लोकसभा) के सदस्यों का कम से कम 14 दिन का लिखित नोटिस देना अनिवार्य है। इस नोटिस में उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए स्पष्ट कारण होने चाहिए। इस प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान संसद के दोनों सदनों में किया जाता है। प्रस्ताव पास होने के लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। इस दौरान उपराष्टपति को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाता है। यदि प्रस्ताव दोनों सदनों में विशेष बहुमत से पारित हो जाता है, तो उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटा दिया जाता है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

भारत के इतिहास में पहली बार

यह भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार है जब राज्यसभा के सभापति यानी देश के उपराष्टपति के विरुद्ध संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इसे संसदीय इतिहास में जगदीप धनखड़ के लिए शर्मिंदगी के रूप में देखा जाएगा। इससे पहले अगस्त में भी मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष यह कदम उठाने जा रहा था। सभी इडिया ब्लॉक दलों के 'आवश्यक संख्या में हस्ताक्षर' भी थे, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया क्योंकि उन्होंने जगदीप धनखड़ को 'एक और मौका' देने का फैसला किया था। हालांकि, अब धनखड़ के रवैए में बदलाव नहीं होता देख विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है।

हरियाणा में पूरी तरह लागू होंगे नए आपराधिक कानून, अमित शाह ने अधिकारियों को दिया ये नया टास्क

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों का अगले वर्ष 31 मार्च तक शत-प्रतिशत लागू करने के लिए कहा है। अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फारेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रविधानों को लागू करने और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पुलिस ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अमित शाह बोले नए कानून न्याय की सुगमता का आधार बन रहे

बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून, नागरिक अधिकारों के रक्षक और न्याय की सुगमता का आधार बन रहे हैं। अमित शाह ने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि राज्य के हर जिले में एक से अधिक फारेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जीरो प्राथमिकी की निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी की हो और प्रदेशों के हिसाब से अन्य भाषाओं में इनका अनुवाद सुनिश्चित हो।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दिए नए कानूनों की समीक्षा के आदेश

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक सभी पुलिसकर्मियों को बताएं कि समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए।

मोदी सरकार की नई स्कीम- 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' से 1.8 करोड़ युवाओं की होगी बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली। देश में उच्च शिक्षा और शोध (रिसर्च) को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार जल्द ही 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' (ओएनओएस) स्कीम शुरू करने जा रही है। इसके तहत यूनिवर्सिटी, आईआईटी और राज्यों के एयर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में अध्यनरत देशभर के करीब 1.8 करोड़ छात्रों और शोधकर्ताओं को दुनिया की शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंच मिलेगी।

छात्रों के लिए यह स्कीम 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इस योजना के तहत 451 स्टेट यूनिवर्सिटी, 4864 कॉलेज और 172 राष्ट्रीय महत्व के संस्थान समेत कुल 6380 गवर्नमेंट हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट शामिल किए गए हैं। वन नेशन,वन सब्सक्रिप्शन स्कीम में छात्रों और शोधकर्ताओं को 13,400 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं (इंटरनेशनल रिसर्च जोर्नल्स) तक पहुंच मिलेगी। प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर एके सूद ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैथ्स, मैनेजमेंट, सोशल साइंस और ह्यूमैनिटीज जैसे विषयों को कवर करने वाली ये जर्नल्स प्रमुख पब्लिशर्स जैसे एल्सेवियर, स्प्रिंगर नेचर और विले द्वारा पब्लिश हैं।

तीन चरणों में लागू होगी ओएनओएस

वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन स्कीम से जुड़ने वाले स्टूडेंट्स को अगले तीन सालों के लिए शोध पत्रिकाओं तक पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने तीन चरणों में इस इनीशिएटिव को पूरा करने की योजना बनाई है। पहले चरण में सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों को शीर्ष शोध पत्रिकाओं तक पहुंच दी जाएगी। फिर दूसरे चरण में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के जरिए निजी शिक्षण संस्थानों को भी योजना में जोड़ा जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में पब्लिक लाइब्रेरी के जरिए देश के हर नागरिक को अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी।

ओएनओएस स्कीम के 3 बड़े फायदे

1) समानता- अब तक सिर्फ आईआईटीएस और केंद्रीय विश्वविद्यालय (सेंट्रल यूनिवर्सिटी) जैसे संस्थान सीमित पत्रिकाओं की सदस्यता ले पाते थे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

योगी आदित्यनाथ का निमंत्रण लेकर सीएम साय के पास पहुंचे यूपी के दो मंत्री, छत्तीसगढ़ के लोगों को मिलेगी विशेष सुविधा

रायपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय निमंत्रण भेजा है। योगी आदित्यनाथ का निमंत्रण लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के दो मंत्री राजधानी रायपुर पहुंचे हैं। योगी आदित्यनाथ ने विष्णुदेव साय को साल 2025 में प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण भेजा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी छत्तीसगढ़ वासियों को भी इस महाकुंभ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

दो मंत्री लेकर पहुंचे निमंत्रण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आमंत्रण लेकर उत्तर प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा और समाज कल्याण राज्य मंत्री संजय गोंड आए हैं। मंगलवार को दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें आमंत्रण पत्र, गंगा जल और कुंभ का प्रतीक चिन्ह सौंप कर उन्हें महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि कुंभ स्थल पर छत्तीसगढ़ का भी एक पंडाल लगाया जाए।

सीएम साय ने योगी आदित्यनाथ को भेजा लेटर

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के पंडाल के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक लेटर भेजा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडाल में छत्तीसगढ़ से कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री साय ने यूपी सरकार के दोनों मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आमंत्रण भेजने के लिए मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

कुंभ में शामिल होना सौभाग्य

सीएम साय ने कहा कि महाकुंभ में शामिल होना सौभाग्य का विषय है। वे पहले भी कुंभ में शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस बार का कुंभ विशेष है। आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो-दो मंत्रियों को भेजा है। हम महाकुंभ में जरूर आएंगे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

डीएमएफ घोटाला : 22 करोड़ की संपत्ति कुर्क : निलंबित आईएएस रानू समेत 10 लोगों की प्रॉपर्टी अटैच; 17 तक बढ़ी माया-रानू की रिमांड

प्रवर्तन निदेशालय
ENFORCEMENT DIRECTORATE

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के जिला खनिज कोष (डीएमएफ) में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत छत्तीसगढ़ कैडर की आईएएस अधिकारी रानू साहू, राज्य आदिवासी विकास विभाग की पूर्व सहायक आयुक्त माया वारियर और कुछ अन्य की 22 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है, संघीय एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बताया कि सोमवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया, जिसमें 21.47 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि, आवासीय संपत्तियां और सावधि एवं बैंक जमाएं कुर्क की गईं। ईडी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक ये संपत्तियां मामले के आरोपियों की हैं या उनके स्वामित्व में हैं, बयान में कहा गया इनमें साहू, वारियर, राधेश्याम मिर्झा, भुवनेश्वर सिंह राज, वीरेंद्र कुमार राठौड़, भरोसा राम ठाकुर, संजय शेंडे, मनोज कुमार द्विवेदी, ऋषभ सोनी और राकेश कुमार शुक्ला शामिल हैं।

कथित डीएमएफ घोटाले में धनशोधन की जांच छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज तीन प्राथमिकियों का ईडी द्वारा संज्ञान लेने के बाद शुरू की गई थी. पुलिस ने ठेकेदारों द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों और अन्य के साथ मिलीभगत करके सरकारी धन की हेराफेरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। आरोप है कि डीएमएफ ठेकों को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए, ठेकेदारों ने भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों को ठेके की कुल राशि के 15-42 प्रतिशत के बराबर कमीशन और रिश्वत दी। जांच एजेंसी के मुताबिक साहू मई 2021 से जून 2022 तक कोरबा जिले की जिलाधिकारी थीं जबकि वारियर अगस्त 2021 से मार्च 2023 तक उसी जिले में आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त पद पर कार्यरत थीं।

Merry Christmas
रोज़ कॉर्नर
रम केक, फ्रूट केक, प्लम केक एवं डेकोरेशन आईटम
मानव मंदिर चौक
93017-79138

बलिदान दिवस : सीएम साय ने शहीद वीर नारायण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

कहा- मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान सदैव अमर रहेगा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर रायपुर के जयस्तंभ चौक पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम साय ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान सीएम साय ने कहा कि, गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में अमर शहीद वीर नारायण सिंह की गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी।

मुख्यमंत्री साय ने शहीद वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि, स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। वे सोनाखान के जमींदार परिवार से थे लेकिन उन्होंने आदिवासियों, किसानों और गरीबों के लिए लडाई लडी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, आदिमजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित उपस्थित थे।

मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान सदैव याद रहेगा- सीएम साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में उनकी गौरवगाथा सदैव अमर रहेगी। उन्होंने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अनाज गोदाम से अनाज निकालकर गरीबों में बांट दिए। सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का संचार किया।

संभल बवालः जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात, मिला न्याय मिलने का भरोसा

संभल। संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। मुलाकात कर लौटे मृतकों के परिजनों ने बताया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने हर संभव मदद करने का वादा किया है। साथ ही न्याय मिलने का भी भरोसा दिया है। यह मुलाकात करीब 15 मिनट की रही है।

सरायतरीन निवासी बिलाल, हयातनगर निवासी रोमान, कोटगर्वी निवासी अयान, नईम और तुर्तीपुर इल्हा निवासी कैफ के परिजनों ने मुलाकात की है। मृतक बिलाल के भाई सलमान ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह दिल्ली के लिए निकले थे। दोपहर में राहुल गांधी के आवास पर पहुंच गए थे। शाम को चार बजे सभी पीड़ित परिवारों से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मुलाकात की।

बताया कि कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन चौधरी और मुरादाबाद के कांग्रेस से पूर्व विधायक रिजवान कुरैशी मुलाकात कराने के लिए लेकर पहुंचे थे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने पूरी घटना की जानकारी ली है। साथ ही हर संभव मदद मिलने का भरोसा दिया है।

फ्री की रेवड़ी कब तक बाटेंगे, रोजगार के मौके बनाने पर दें ध्यान' सुप्रीम कोर्ट का तल्ख सवाल

FREE FOR ALL...

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सरकारों की ओर से फ्री में दी जा रही सुविधाओं को लेकर सवाल उठाया है। कोर्ट ने पूछा कि आखिर फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी? कोर्ट ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर बनाने की जरूरत है, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने उस वक्त हैरानी जताई जब केंद्र ने अदालत को बताया कि 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, 'इसका मतलब है कि केवल टैक्सपेयर्स ही बाकी हैं।' एनजीओ की ओर से दायर एक मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि उन प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए जो 'ई-श्रमिक' पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इस पर बेंच ने कहा, 'फ्री बीज़ कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें?

वकील भूषण ने कहा कि अदालत ने समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड जारी किया जाए ताकि वे केंद्र द्वारा प्रदान किए गए मुफ्त राशन का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिए गए आदेश में यह कहा गया है कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं, लेकिन वे 'ई-श्रमिक' पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उन्हें केंद्र द्वारा मुफ्त राशन दिया जाएगा।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'यह समस्या है, जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा, वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं।' भूषण ने कहा कि यदि 2021 की जनगणना की जाती, तो प्रवासी मजदूरों की संख्या में वृद्धि होती, क्योंकि केंद्र वर्तमान में 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है. इस पर बेंच ने कहा, 'हम केंद्र और राज्यों के बीच मतभेद नहीं पैदा करें, क्योंकि ऐसा करने से स्थिति बहुत कठिन हो जाएगी।'

APEX
MEDICAL INSTITUTE
LINGAYA'S VIDYAPEETH
100% JOB GUARANTEE
प्रवेश प्रारंभ
12वीं पास छात्रों के लिए
UGC - B. VOCATIONAL SCHEME
ऐपेक्स हॉस्पिटल में ट्रेनिंग, प्रैक्टिकल एवं लर्निंग
Our Courses
VOCATIONAL EDUCATION PROGRAMMES
स्नातक (बी.वोक.)
- मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी
- ऑप्टोमेट्री टेक्नोलॉजी
- ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी
- रेडियोलॉजी एंड मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी
- डायलिसिस टेक्नोलॉजी
- हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- कार्डियक केयर टेक्नोलॉजी
- फिजियोथेरेपी
- पेशेंट केयर मैनेजमेंट
- हॉस्पिटल स्टेरिलाइजेशन टेक्नोलॉजी

मास्टर (एम.वोक.)
- मेडिकल लैब प्रौद्योगिकी
- अस्पताल प्रबंधन
- रेडियोलॉजी एवं मेडिकल इमामिंग टेक
- ऑप्टोमेट्री प्रौद्योगिकी

+917000138563
+916266146664
+919425291498
पताः- डोंगरगांव रोड, बसंतपुर, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

प्रदेश की उन्नति के लिए शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्य - उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

मान. श्री विजय शर्मा जी

- ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को मिलेगा स्वच्छ जल
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अहाता निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, बाजार में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, मिनी स्टेडियम के निर्माण, पंचग्राम तपोभूमि में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की

राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव-चारभांठा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 63 लाख 89 हजार रूपए के लोकार्पण एवं 60 लाख 25 हजार रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अहता निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, बाजार में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, मिनी स्टेडियम के निर्माण, पंचग्राम तपोभूमि में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बडग़ांव चारभांठा में 3 लाख 15 हजार रूपए की लागत से ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा 30 हजार रूपए की लागत के बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंट फिल्टर का शिलान्यास किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गंदा पानी सरोवर में नहीं जाए तथा निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिले, इस सोच के साथ यहां ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। जिससे तालाब निस्तारी योग्य बनेंगे तथा भू-जल और पीने के पानी के जलाशयों के प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरोवर के किनारे निर्मित सियान सदन की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों में भू-जल स्तर में गिरावट आयी है, वहां बोरवेल रिचार्ज साफ्ट के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम की जरूरतों को समझते हुए सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस की राशि प्रदान की गई है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिमाह 1 तारीख को 1000 रूपए की राशि पहुंच जाती है। महतारी की चिंता में मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम पंचायतों में महिलाओं की सुविधा के लिए महतारी सदन का निर्माण भी किया जा रहा है। बहुत से जनहितैषी विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब एवं कोयला घोटाला तथा पीएससी में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार मेहनत करने वाली सरकार है और प्रदेश की उन्नति की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के 13 दिसम्बर को पूर्ण वर्ष पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि ग्राम बडग़ांव चारभाठा में विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डोंगरगांव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमृत सरोवर के पास सियान सदन का अवलोकन किया है, जहां बुजुर्गों के बैठने की व्यवस्था की गई। वहीं भू-जल से संबंधित बोरवेल रिचार्ज साफ्ट का भी अवलोकन किया है। जिले में भू-जल स्तर में गिरावट आयी है, इसे सामान्य स्तर में लाने के लिए तथा वर्षा के जल को रिचार्ज करने के लिए जिले में व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मनरेगा के तहत प्रदेश भर में भू-जल संरक्षण के लिए इस तरह की संरचना का निर्माण किया जाएगा। बडग़ांव चारभाठा में आज उप मुख्यमंत्री के हाथों से कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रूपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर लखपति दीदी को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा आवास की चाबी तथा स्वच्छता दीदी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट स्वच्छ शौचालयों के लिए हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्य जिला पंचायत श्रीमती इन्दुमती साहू, सरपंच वासुदेव भण्डारी, रविन्द्र वैष्णव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, निरेन्द्र साहू, रामकुमार गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंच संचालन गजेन्द्र हरिहारणों ने किया।

पहला कॉलम...

पुलिस ने शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराने वालों के खिलाफ़ की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने थाना प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं चाकूबाज के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर ढाबा में शराब पीने के लिए जगह मुहैया कराने वालों को धरदबोचा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की है। लालबाग थाना प्रभारी श्री कश्यप ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों में बिहार पटना ढाबा इंदामरा के संचालक उदेश यादव पिता स्वर्गीय मोहन यादव उम्र 23 वर्ष निवासी बिहार दशमेश खालसा ढाबा बनभेड़ी का संचालक अवतार सिंह पिता स्वर्गीय रसपाल सिंह उम्र 31 वर्ष व पायल ढाबा के संचालक मनीष तेजवानी पिता निर्मल तेजवानी उम्र 30 वर्ष तथा भापे जी ढाबा संचालक मोहम्मद हासिम खान पिता नसीर खान उम्र 55 पता वार्ड क्रमांक 09 शंकरपुर चौकी चिखली चारों अपने अपने ढाबा में शराब पिलाने के जगह मुहैया कराते मिले जिनके खिलाफ़ आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में एसआई गीतांजलि सिन्हा, एएसआई ईश्वर वैष्णव की सराहनीय भूमिका रही।

शरद राव मानके का निधन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय दिग्विजय कॉलेज के पास, शीतला मंदिर रोड निवासी शरद राव मानके (उम्र लगभग 83 वर्ष) का निधन आज 10 दिसंबर दिन-मंगलवार को हो गया है, उनका अंतिम संस्कार आज 11 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी तारा मानके, शिरीष मानके और भरा-पूरा परिवार छोड़कर चले गए। जिनके दशगात्र का कार्यक्रम आगामी 20 दिसंबर दिन-शुक्रवार एवं तेरहवीं और शांतिभोज का 23 दिसंबर समय-दोपहर 1 बजे को निज निवास दिग्विजय कॉलेज के पास, शीतला मंदिर रोड, प्राइड एकेडमी कम्प्यूटर सेंटर राजनांदगांव में रखा गया है।

महेश साहू का निधन

राजनांदगांव (दावा)। समाज के वरिष्ठ एवं अनेक पदों पर समाज को सेवा दे चुके महेश साहू (बीजेपी सक्रिय कार्यकर्ता) हीरामोती लाइन वाले का स्वर्गवास 9 दिसम्बर रात्रि 9:30 बजे रायपुर में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज किया गया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com
05 DEC
PUSHPA 2

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024
Pushpa The Rule 2 - 09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200
Silver Screen
PUSHPA 2

झंडा साहेब लालबाग में आज गीता जयंती पर श्रीमदभगवद्गीता प्रवचन कार्यक्रम आयोजित, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



कथावाचिका साध्वी मीता ठक्कर के मुख से बहेगी गीता ज्ञान की धारा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लालबाग क्षेत्र में स्थित पवित्र झंडा साहेब मंदिर में आज 11 दिसंबर बुधवार गीता जयंती के पावन अवसर व मोक्षदा एकादशी के दिन श्रीमदभगवद गीता पर प्रवचन/उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संत कंवर राम सेवा समिति-झंडा साहेब लालबाग गली नं.3 में धूमधाम से आयोजित गीता जयंती पर उद्बोधन कर्ता साध्वी श्रीमती मीता ठक्कर जी होंगी।

गायत्री परिवार की श्रीमती ठक्कर ने बताया कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान अपने श्रीमुख से उद्धारित गीता वाणी में स्पष्ट रुप से कहा है कि छंदों में गायत्री छंद हूं। इस तरह देखा जाय तो भगवान श्री कृष्ण गायत्री मंत्र में स्वयं विराजमान हैं। इस तरह के गूढ़ बातें व गीता वाणी के रहस्यों को सारगर्भित ढंग से उद्बोधित करने वाली साध्वी श्रीमती ठक्कर को सुनने के लिए सिंधी समाज के लोगों सहित सत्य सनातन धर्म के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

गीता जयंती पर यह प्रबोधन कार्यक्रम आज बुधवार 11 दिसंबर की रात 8 बजे से आयोजित है। इसके पूर्व लालबाग में सायं 4 बजे गीता जयंती की धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के पृथ्वीराज पर्यानी ने बताया कि आज शाम 4 बजे झंडा साहेब लालबाग से गीता जयंती पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा व श्रीमद गीता उद्बोधन के अवसर पर समाज के गुरुमुख सिंह वाधवा, मंशाराम मोटलानी, सागर लालवानी, कमलेश वाधवा, विजय पर्यानी महेश जोटूमल मोटलानी आदि सहित सिन्धी समाज के बड़ी संख्या में नर - नारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया की इस अवसर पर महाप्रसादी भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। समिति द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा व गीता उद्बोधन कार्यक्रम में लोगों अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

मध्यस्थता सेल द्वारा प्रकरण निपटारा

राजनांदगांव (दावा)। जिला उपभोक्ता आयोग राजनांदगांव में लंबित निष्पादन प्रकरण कमाक-24/94 भागवत साहू विरूद्ध नेशनल इंश्योरेंस कपनी लिमिटेड एवं 24/60 देवदास साहू विरुद्ध नेशनल इश्योरेंस कपनी लिमिटेड में पूर्व जिला आयोग के आदेश दिनांक-18 जनवरी 2024 के परिपालन में प्रकरण मध्यस्थता सेल उपभोक्ता आयोग के राजेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती गौरी शर्मा को प्रकरण सौंपा गया।

मध्यस्थता सेल के प्रयास से उक्त दोनो प्रकरणों में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा परिवादी को क्रमशः राशि 2,87,002 रूपये तथा राशि 579049 रूपये का चेक दोनों पक्षों के आपसी सहमति एवं मध्यस्थता सेल के सहयोग से जिला राजनांदगांव में आज 10 दिसम्बर को जमा किया गया। जिला आयोग राजनांदगांव के अध्यक्ष प्रशान्त कुन्डू एवं सदस्य आनंद वर्गीस द्वारा जानकारी दी गयी कि मध्यस्थता सल के सहयोग स निपटाये गये उक्त प्रकरण छत्तीसगढ़ में प्रथम प्रकरण के रूप में दर्ज किया गया है।

प्रकरणों में अधिवक्तागण गजेन्द्र बख्शी एवं वैभव शुक्ला व धर्मेन्द्र जैन को भी धन्यवाद प्रेषित किया गया। जिन्होन मध्यस्थता सेल के द्वारा किये गये निर्णय का परिपालन किया।

जिला आयोग राजनांदगांव में अध्यक्ष के मार्गदर्शन में लंबित प्रकरणों का निपटारा शिघ्रता से संपन्न किया जा रहा है। आशा है कि मध्यस्थता सेल के सहयोग से लंबित प्रकरणों में भी शीघ्र सामाधान किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। उक्त जानकारी आयोग के सदस्य डॉ.आनद वर्गीस द्वारा दी गयी।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,
कार्यालय मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र.162466/निविदा सूचना क्र.10/वलेलि/2024-25, छुईखदान दिनांक 09.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 30.12.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के छुईखदान विकासखण्ड अंतर्गत भेण्डरा योजना के बांयी तट नहर आर.डी. 0 मी. से 10650 दांयी तट नहर आर.डी. 0 मी. से 2040 मी., कोटरीछापर माईनर 0 मी. से 900 मी., भोरमपुर माईनर 0 मी. से 1950 मी. तक जीर्णोद्वार एवं सीमेंट-लाईनिंग का कार्य तथा 01 नग स्केप, 07 नग डी.सी., 07 नग फाल, 05 नग माईनर हेड, 14 नग व्ही.आर.बी., 04 नगर इनलेट, 02 नग फाल कम व्ही.आर.बी. बांयी तट नहर आर.डी. 3660 मी. से 3810 मी., तक आर.सी.सी. ओपनट्रफ, पुराने पक्के कार्यों का मरम्मत एवं कुलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 793.22 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.12.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते- मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
जी- 242504452/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,
कार्यालय मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(तृतीय आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र.162488/निविदा सूचना क्र.07/वलेलि/2024-25, डोंगरगांव दिनांक 09.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.12.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- राजनांदगांव/बालोद जिले के विकासखण्ड चौकी/डौण्डी लोहारा के अंतर्गत मोहड़ जलाशय परियोजना बांयी तट नहर के मिट्टी एवं 02 नगर स्लूस गेट का शेष कार्य एवं 03 लघु नहरो (गर्राटोला, चचानपहरी एवं माहुद मचांदुर) एवं इनके 14 नग फाल, 02 नग व्ही.आर.बी. 04 नग डी.सी., 01 नग फुटब्रिज, 14 नग आउटलेट, 03 नग व्ही.आर.बी. कम फाल एवं 17 नग गेटेड आउटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 316.69 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.12.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
जी- 242504475/6

मानव मंदिर समीप विद्युत ट्रांसफार्मर के पास आज और हुई दुर्घटना

गर्भवती महिला ठेले की ठोकर से हुई जख्मी

ब्लीडिंग होने से तत्काल उपचार हेतु भिजवाया गया हास्पीटल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मानव मंदिर चौक समीप अन्नपूर्णा होटल के सामने खड़ा विद्युत ट्रांसफार्मर लोगों के लिए ख़तरनाक साबित हो रहा है। मंगलवार को एक गर्भवती महिला वहां पर यातायात जाम में फंसकर ठेले के ठोकर से ज़ख्मी हो गई। इस घटना से मौके पर ही उसका ब्लीडिंग होना शुरू हो गया। लोगों ने दौड़कर उसे उठाया और उपचार हेतु हास्पीटल भिजवाने की व्यवस्था की।

बता दें कि अन्नपूर्णा होटल के ठीक सामने पड़ने वाला उक्त ट्रांसफार्मर सड़क के लगभग बीचों-बीच होने के कारण आवागमन में बाधक सिद्ध हो रहा है। इसकी वजह से यहां पर प्रायः दुर्घटनाएं होते रहती है। चूंकि जूनी हटरी की ओर से पापुलर बुक्स होते हुए तथा सीधे दीवानपारा जाने का रास्ता व मानव मंदिर चौक से पुत्रीशाला जमात पारा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पर पड़ने वाला उक्त ट्रांसफार्मर के समीप बहुत ज्यादा आवागमन का मार पड़ता है। साथ ही उक्त ट्रांसफार्मर सड़क के लगभग बीच में होने व रास्ता के संकुचित हो जाने से हर पल यातायात जाम की स्थिति बन आती है। जिससे प्रायः दुर्घटना का खतरा बना रहता है, और आए दिन दुर्घटना घटते भी रहती है। इससे आसपास के दुकानदार व रहवासी जन लोग खासे परेशान हैं। इसे हटाने के लिए कलेक्टर से आवेदन भी किया जा चुका है।

गर्भवती महिला हुई दुर्घटना का शिकार

मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े दस-ग्यारह बजे एक गर्भवती महिला जमात पारा की ओर से चेक अप कराने डाक्टर के पास जा रही थी। इस दौरान उक्त ट्रांसफार्मर के पास यातायात जाम होने की वजह से भीड़भाड़ के चलते एक ठेले वाले उक्त महिला को पीछे से ठोकर मारी दी। इससे वह महिला नीचे गिर गई। इससे शायद अंदरुनी चोट आने से उसका वही पर ब्लीडिंग हो गया। आसपास के लोगों द्वारा तुरन्त दौड़ कर उसे उठाकर अस्पताल ले जाने की व्यवस्था कराई गई। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इस तरह के हादसे प्रायः होते रहते हैं। ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह होने तथा सड़क के समीप उक्त ट्रांसफार्मर खड़ी होने से लोगों की आवागमन में बाधा उपस्थित होते रहती है जो दुर्घटना का कारण बनता है। वहां पर के रहवासी अजय सिंह परिहार ने बताया कि उक्त खतरनाक ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य को आवेदन किया गया था। उनके द्वारा विद्युत विभाग को हटाए जाने को आदेशित किया गया है, इसके बाद भी उक्त ट्रांसफार्मर लोगों के दुर्घटना का कारक बना हुआ खतरनाक ढंग से खड़ा हुआ है। यही नहीं इस ट्रांसफार्मर से बिजली के तारों का मकड़जाल फैला हुआ है जिससे ज्यादा लोग होने पर चिंगारियां उठती है। यह भी एक प्रकार से खतरा का कारण बना हुआ है। सड़क के बीच पड़ने वाले इस ट्रान्सफार्मर से टकराते बाइक सवार व आटो रिक्शे वाले प्रायः दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं।

इसे हटाए जाने के संबंध में अजय सिंह परिहार ने विद्युत विभाग के डीई, आर के गोस्वामी से बात की गई है। अब देखना है कि चौक के समीप यातायात जाम व दुर्घटना का कारण निरुपम हो रहे। उक्त ट्रांसफार्मर को अन्यत्र हटाया जाता है या नहीं जबकि उसे हटाए जाने के लिए मानव मंदिर के पीछे के खुले हिस्से का चयन कर लिया गया है जहां पर उसे स्थानांतरित किया जाना है। लेकिन इस काम मे भी लेट लतीफी की जा रही है।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-6
224-8 347-4
राजधानी
1-3-5
249-5 570-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। नगर विकास की कड़ी में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा आज महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 के स्टेशन पारा रोड में शीतला मंदिर के पास 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10.00 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी तथा पूर्व पार्षद श्रीमती माया शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि आसीफ अली सहित वार्डवासी की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रीतराम साहू, जसपाल ढल्ला, गोपाल सिन्हा, ऋषि रजक, भगत यादव, शेख अनीस, हेमराज साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 7 में शीतला मंदिर के पास सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। इसी प्रकार अन्य विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्ड में कराये जायेगें। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

NAME CHANGE

I, Sanjay Jain s/o Uttam Chand Jain, shall now be referred as Sanjay Kumar Jain S/o Uttam Chand Jain as per my Identify proof in all my official and non official documents.

Sanjay Kumar Jain
Rajendra Cloth Stores
Cinema Line, Rajnandgaon
Chhattisgarh 491-441
Phone: 94255-54191

जिले के 128 पंचायतों के लिए ट्राई साइकिल खरीदने एक करोड़ 20 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति

डोंगरगढ़(दावा)। आने वाले समय में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य को चुनाव मैदान में जाना है। उसे ध्यान में रखते हुए सभी भावी जनप्रतिनिधि पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने में लगे हुए हैं। इस बीच शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर क्रय की जाने वाली सामग्रियों हेतु नियमानुसार पालन की शर्त पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई वर्क शेट में कचरा संग्रहण हेतु ट्राई साइकिल क्रय करने का आदेश मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगढ़ एवं छुरिया स्थित विभिन्न पंचायत हेतु राशि स्वीकृत की गई है।

अनेक सरपंचों ने बिना प्रस्ताव के सामग्री खरीदी की शंका जाहिर की

पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर, जेम पोर्टल से खरीदी की जाएगी

विकासखंड के 128 ग्राम पंचायत के 186 ग्रामों में निर्मित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई वर्क शेट में कचरा संग्रहण हेतु कुल 277 नग ट्राई साइकिल के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर क्रय हेतु कलेक्टर के अनुशंसा पश्चात राशि की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई है।

दावा प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान अनेक सरपंचों ने शंका जाहिर की है कि पंचायत के प्रस्ताव के बिना ही जेम पोर्टल से खरीदी की प्रक्रिया सीईओ द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। इसे लेकर विधानसभा पटल पर प्रश्न लगाने की बात भी सामने आ रही है।

जेम पोर्टल से सामग्री क्रय हेतु कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है - सीईओ आलोक कुमार

डोंगरगढ़ सीईओ आलोक कुमार द्वारा बताया गया कि शासन-प्रशासन के खिलाफ विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। वर्तमान में जेम पोर्टल से सामान खरीदी हेतु कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। स्वीकृति पत्र में दिए गए नियमों के तहत ही सामान की खरीदी की जाएगी। खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाई जाएगी।

भाजपा ही किसानों की असली पक्षधर, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन विधवा विलाप है

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सोसाइटी एवं धान खरीदी के संबंध में कांग्रेस के प्रदर्शन और दिए गए ज्ञापन को कांग्रेस का विधवा विलाप निरूपित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो कांग्रेसी 5 वर्षों तक कभी भी सोसाइटी नहीं गए और किसानों की वास्तविक स्थिति को समझ नहीं सकें, वह आज भाजपा की सरकार को ज्ञान दे रहे हैं जबकि भाजपा किसानों के हितों को ध्यान रखकर ही योजना बनाती है।

श्री राजपूत ने कहा कि जो कांग्रेसी अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर जबरदस्ती किसानों को थोपा करते थे, खाद बीज और बार दाने के लिए किसानों को भटकते थे और जो किसान खाद न ले उसके नाम से खाते से पैसे कट जाया करते थे, इतनी तानाशाही प्रवृत्ति भूपेश बघेल सरकार में 5 वर्षों तक रही। तब इस शहर के कांग्रेसियों के कानों में जू नहीं रेंगी! वर्मी कंपोस्ट खाद का संपूर्ण पैसा राजीव युवा मितान क्लब के खाते में स्थानांतरित किया गया जिसका आज तक कोई हिसाब किताब नहीं दिया गया, कथित किसान हितैषी कांग्रेसियों ने मिल बांटकर खा लिया अब ऐसे लोग भाजपा की सरकार में सुशासन के दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक कांटे की भी फजीहत कर रहे हैं! विष्णु देव साय सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से पारदर्शिता का पालन करते हुए धान खरीदी की व्यवस्था दी है ताकि किसानों के दाना-दाना धान का पैसा सरकार उन्हें दे सके। परंतु ईव्हीएम की तरह कांग्रेसी इस पर भी शक कर रहे हैं।

श्री राजपूत ने कहा कि विगत 5 वर्षों में बारदान के लिए किसानों को भटकना पड़ता था और 60 में प्रति बारदाना बजार से खरीदने मजबूर किया गया परंतु आज भाजपा की सरकार में बारदाने की पूरी व्यवस्था है, किसानों को भटकना नहीं पड़ रहा है, किसानों को कोई भी कष्ट भाजपा की सरकार में नहीं होगा परंतु कांग्रेस ही इसे पचा नहीं पा रहे हैं और विधवा विलाप करके जबरदस्ती किसानों को भड़का रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम बडग़ांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बडग़ांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांव के तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाने के लिए ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का अवलोकन किया और वाटर रिचार्ज के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गांव के तालाब में निस्तारी उपयोग के लिए घरेलू उपयोग पानी को ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से निस्तारी योग्य बनाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में 4 सियान सदन अमृत सरोवर के साथ बनाए गए है। जिसमें बुजुर्गों के बैठने और बच्चों को खेलने के लिए झूले भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 187 स्थानों में असफल बोर से रिचार्ज के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बनाया जा रहा है। जिसमें से 120 स्थानों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे वाटर रिचार्ज होगा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाया जाएगा।

ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जलाशयों के प्रदूषण से रोका जाएगा। जल पुनर्भरण एवं ग्रे वाटर के सुरक्षित निपटान के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संचय के लिए बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर बहुत उपयोगी संरचना है। इस दौरान सरपंच वासुदेव भण्डारी, रविन्द्र वैष्णव, निरेन्द्र साहू, रामकुमार गुप्ता अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

० बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का किया अवलोकन

० ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से तालाब के पानी को निस्तारी उपयोग योग्य बनाने के संबंध में दी गई विस्तार से जानकारी

मुख्यमंत्री की पहल पर प्रेस क्लब राजनांदगांव की आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ रूपए की राशि की मिली स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रेस क्लब राजनांदगांव की आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त राशि से सड़क, नाली, बाऊंड्रीवाल एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड राजनांदगांव अंतर्गत 142 प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों को 1980 वर्ग फीट भूमि बसंतपुर पनेका में प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 2 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त होने के बाद आवासीय कालोनी एक विकसित सर्वसुविधायुक्त कालोनी के रूप में आकार ले रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विधायक निधि से प्राप्त 8 लाख रूपए की राशि से आवासीय कॉलोनी में गार्डन का कार्य पूर्ण हो गया है। वहीं वन विभाग द्वारा पौधरोपण किया गया है। 4 करोड़ के प्रोजेक्ट में 54 विद्युत पोल व 9 ट्रान्सफार्मर लगे हैं।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने बताया कि स्वीकृत 2 करोड़ रूपए की राशि से 10 एकड़ में बाऊण्ड्रीवाल बन रही है। गौरतलब है कि आवासीय कॉलोनी सर्वसुविधायुक्त बन रही है, जहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, व्यावसायिक परिसर, मंदिर, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाईन की व्यवस्था की गई है। प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड के सदस्यों ने खुशी जाहिर की है एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

० 2 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त होने के बाद आवासीय कालोनी एक विकसित सर्वसुविधायुक्त कालोनी के रूप में ले रही आकार

० प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

भ्रष्टाचार के मामले में खैरागढ़ नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद शुक्ला निलंबित

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रमोद शुक्ला को निलंबित कर दिया गया। स्वच्छता श्रृंगार में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे शुक्ला पर निलंबन की कार्यवाही कांग्रेस शासन काल में डोंगरगढ़ में हुए भ्रष्टाचार के मामले में की गई है। राज्यपाल के अवर सचिव अजय तिर्की के हस्ताक्षर से जारी आदेश में सीएमओ शुक्ला को डोंगरगढ़ में पदस्थापना के दौरान 2022-23 में अध्यक्ष निधि व पार्षद निधि से विभिन्न वार्डो में नलकूप खनन, घड़ी स्थापना कार्य, नाली निर्माण कार्य, उद्यान निर्माण कार्य, इंटर लोकिंग कार्य सहित अन्य मामलों में निविदा आमंत्रण शर्तो की अवहेलना कर निर्माण कराने के मामले में दोषी पाया गया है। बताया जा रहा है कि सीएमओ श्री शुक्ला को नगरीय निकाय अधिनियम 2017 के नियम 33 के तहत निलंबित किया गया है।

0 डोंगरगढ़ नगर पालिका में भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व में हुई शिकायत के बाद कार्रवाई

0 खैरागढ़ नगर पालिका में भी भ्रष्टाचार के लगे हैं गंभीर आरोप

महापौर ने पेंशनरों को निराश किया - डी.सी. जैन

राजनांदगांव (दावा)। नगर के ऐतिहासिक सभागृह टाउनहॉल में छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ के राज्य स्तरीय सम्मेलन दिनांक 26 जून 2022 में मुख्य अतिथि की आसंदी से महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा नगरीय निकाय पेन्शनरों के लिये पेन्शनर भवन का निर्माण करने के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की गई थी परंतु ढाई वर्ष बीत जाने पर भी पेन्शनर भवन का निर्माण नहीं कराने से महापौर की छवि धूमिल हुई हैं। प्रांतीय संघ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया है कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेन्शनर संघ नगरीय निकाय पेन्शनरों का एकमात्र पंजीकृत संस्था हैं तथा इसका मुख्यालय राजनांदगांव हैं। पेन्शनर भवन के अभाव में प्रांतीय कार्यालय के संचालन तथा अपनी समस्या को लेकर राजनांदगांव आने वाले पेन्शनरों को काफ़ी असुविधा होती हैं। विगत कई वर्षों से प्रांताध्यक्ष द्वारा पेन्शनर भवन निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी दौरान विगत 26 जून 2022 को राजनांदगाँव के टाउनहॉल में आयोजित प्रांतीय स्तर सम्मेलन में विराजमान मुख्य अतिथि श्रीमती हेमा देशमुख का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करने पर उन्होंने अपने भाषण में पेन्शनर भवन के निर्माण हेतु 5 लाख रुपए स्वीकृत करने के घोषणा की थी।

महापौर की घोषणानुसार पेन्शनर भवन के निर्माण हेतु स्थान का चयन किए जाने के बाद उपयंत्री तिलकराज द्वारा मानचित्र एवं प्राकलन तैयार कर महापौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस संबंध में दिनांक 22 अगस्त 22 एवं 10 अक्टूबर 2022 संघ के प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने महापौर से भेंट कर पेन्शनर भवन का निर्माण शीघ्र चालू करने का ज्ञापन दिया। पुनः उनको एक पत्र प्रतिनिधि मंडल के साथ 23 जून 2023 को दिया गया। उस समय उन्होंने नगर निगम में फण्ड का अभाव बताते हुए स्थानीय शासन मंत्री जी से 5 लाख स्वीकृत करने की बात कही। इस पर दिनांक 26 जुलाई 23 को मंत्री जी को ज्ञापन भी दिया गया उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इन सब बातों से निराश होकर पेन्शनर संघ द्वारा माननीय डॉ.रमन सिंह विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष को दिनांक 09 अगस्त 24 को आवेदन पत्र दिया गया था, उसकी भी नगर निगम के अधिकारियों एवं महापौर द्वारा सर्वथा उपेक्षा की जा रही है। इस विवरण से स्पष्ट होगा कि किसी-न-किसी अज्ञात कारणों से महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख अपनी घोषणा को मूर्त रूप देने में असमर्थ है। वर्षों से घोषणा के बावजूद ढाई वर्षों तक महापौर द्वारा पेन्शनर भवन का निर्माण नहीं कराने से उनके प्रति नगरीय निकाय पेन्शनरों के हृदय पटल पर कोई अच्छी छवि अंकित नहीं होगी।

राष्ट्रीय स्तर पर कौशिकी 2024 का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। नगर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कौशिकी 2024' अपनी भव्यता और विशिष्टता के लिए चर्चा का केंद्र बना। इस कार्यक्रम का आयोजन भरतनाट्यम नृत्य शिरोमणी खुशी जैन और कत्थक सिंगरमणि डॉ.चंदन सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंतिम सत्र में अतिथि के रूप में डॉ.संध्या मदन मोहन (प्राचार्या भिलाई महिला महाविद्यालय), डॉ. मानसी गुलाटी, (अहिंसा जागरुक संघ के राष्ट्रीय संयोजक) पवन जैन प्रेमी, तरुण गढ़पाले, रंजन यादव, धीरज बाकलीवाल, गुरजीत सिंग, ईश्वर मेश्राम, सचिन पाल सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

खुशी जैन- नृत्य साधना का 25 वर्ष का सफर

भरतनाट्यम की ख्यात कलाकार खुशी जैन पिछले 25 वर्षों से नृत्य की साधना कर रही हैं और 12 वर्षों से प्रशिक्षण दे रही हैं। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय और साइंस कॉलेज में शिक्षिका के रूप में भी कार्य किया है और वर्तमान में दूरदर्शन रायपुर में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

डॉ. चंदन सिंह राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के नर्तक

कत्थक के विद्वान डॉ. चंदन सिंह ने खैरागढ़ से अपनी शिक्षा पूर्ण की है और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रस्तुति दी है। उन्हें 'सिंगरमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया है। डॉ. सिंह ने अपने नृत्य प्रशिक्षण से अनेक शिष्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कौशिकी के सत्र में कर्नाटक से आयी कलाकार 'विदुषी निसर्गा दयन्नवर' ने शाम-ए-सभा में नृत्य में नवरस को समझते हुए नृत्य के माध्यम से अर्थ बतलाया और मनमोहक और ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दिया साथ ही कुमारी नैनिका कासलीवाल ने भरतनाट्यम के वर्णम को समझते हुए नृत्य में किस प्रकार भावों का उपयोग होता है वह समझाया।

प्रतिभागियों और निर्णायकों की शानदार भूमिका

इस कार्यक्रम में लगभग 500 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में अंकिता सोनी, आयुष श्रीवास्तव, वशिष्ठ विश्वकर्मा ममता सुरादा स्वाती मानकर, श्रीमति भारती यादव ने अपनी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों और आयोजकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रमुख सहयोगियों में श्रीमती सुषमा, ललित जैन, पुलक महतो, डॉ. तनिष्क जैन, श्रेयस सिंघई, स्नेहा सोनी, सुमन महतो, के. तृष्णा, कुहू सुल्लेरे, सीमा भाटिया, जी.जयंतिक राव, नंदिनी कुमारी, गरिमा सिंह, नंदिका नायर पी., गुंजन महतो शामिल हैं। 'कौशिकी 2024' ने न केवल बच्चों को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया बल्कि दर्शकों को भी भारतीय नृत्य कला, गायन, चित्रकला की समृद्ध परंपरा से रूबरू कराया।

पूर्व पार्षद दीपक चौहान ने डॉ. रमन सिंह के समक्ष पेश की जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर क्षेत्र के पूर्व पार्षद एवं भाजपा कर्मठ व जागरूक नेता दीपक चौहान ने जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए क्षेत्र के लोक प्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमनसिंह के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की है।

बता दें कि दीपक चौहान सन 1990 से भाजपा के प्राथमिक सदस्य व कर्मठ कार्यकर्ता हैं। भाजपा के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा व जागरूकता पूर्ण कार्यो के चलते मोतीपुर की जनता ने उसे पार्षद पद पर जिताया था। व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी दीपक चौहान के चाहने वालों की कमी नहीं है। उनके साथ कार्यकर्ताओं की पूरी फौज है। इसका लाभ पार्टी को जब-तब मिलते रहता है। उन्होंने रायपुर में अपने प्रिय विधायक डां रमन सिंह के निज निवास शंकर नगर में जाकर कर अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की। उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्थन देखने लायक था।

श्री चौहान ने कहा, भाजपा एक केडर बेस पार्टी व कार्यकर्ता-आधारित संगठन है और मेरी दावेदारी का आधार पार्टी के प्रति मेरी निष्ठा, संगठन के लिए वर्षो का योगदान और कार्यकर्ताओं के विश्वास पर आधारित है। यदि मुझे यह अवसर मिलता है, तो मैं पार्टी की नीतियों को और मजबूत करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरकस प्रयास करूंगा।

चौहान के दावेदारी पेश करने से कार्यकर्ताओं में हर्ष

भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए श्री चौहान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री चौहान का नेतृत्व न केवल संगठन को नई दिशा देगा, बल्कि जिले में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएगा। दीपक चौहान के डॉ. सिंह के समक्ष अपनी दावेदारी पेश करते समय कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा गया।

श्री चौहान ने अपनी प्राथमिकताओं पर बात करते हुए कहा, मैं संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान और जिले के विकास को प्राथमिकता दूंगा। हर कार्यकर्ता की आवाज सुनी जाएगी, और भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने भविष्य की योजनाएं बताते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता एक सिपाही है, और उनका उद्देश्य संगठन के हित में सभी को एकजुट करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे पारदर्शी और सर्वसमावेशी नेतृत्व प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने सभी से संगठन के हित में समर्पित होकर काम करने की अपील की।

बताते चलें कि श्री चौहान ने भाजपा संगठन में विभिन्न पदों में रह कर निम्नलिखित कार्य किए हैं। जैसे पूरे पांच साल तक नगर निगम का पार्षद रहना जिला संयोजक झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ, शहर अध्यक्ष युवा मोर्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जिला युवा मोर्चा, उपाध्यक्ष शहर युवा मोर्चा ,मीडिया प्रभारी शहर युवा मोर्चा आदि पद में रहकर अपने कार्यों की लोगों व संगठन में अमिट छाप छोड़ी है।

सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा जागरूकता अभियान संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर राजनांदगांव द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से ग्रामीण स्तर एवं नगर के अलग स्थान पर जागरूकता अभियान (25 नवंबर से 10 दिसम्बर) के तहत विभिन्न गतिविधि का आयोजन कर जागरुक किया। मार्च रैली यह अभियान समुदाय के सदस्य स्वयं सेवी संस्था कॉलेज स्कूल समूह के महिलाएं संगठन के साथ किया गया। संभाषण का कार्यक्रम 25 नवंबर को महिलाओं के समूह के साथ किया गया। 26 नवंबर को घर-घर जाकर वन टू वन कर जागरूकता किया गया 27 नवंबर को नगर के स्कूल में जाकर शपथ ग्रहण बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत किया गया। 28 नवंबर को लिंग आधारित हिंसा पर प्रशिक्षण दिया गया, 29 नवंबर को विभिन्न सरकारी दफ्तरों में जाकर महिला व पुरुष कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। 30 नवंबर को पर्यावरण दिवस को मानते हुए पौधारोपण का कार्य किया गया। विद्यालय शाला विद्यालय में जाकर 1 दिसंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। 2 दिसंबर को विशेषज्ञ के साथ प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के साथ किया गया, 3 दिसंबर को पोस्को एक्ट के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जाने वाली कानूनी कार्यवाही की जागरूकता फैलाई गई। 3 दिसंबर को घटते व बढ़ते लिंगानुपात पर सामुदायिक चर्चा करते हुए संगठन की महिलाओं को प्रशिक्षित व जागरूक किया गया। 4 दिसंबर को हायर सेकेण्डरी विद्यालय में बालिकाओं की शिक्षा व सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई। 5 दिसंबर को गुड टच व बेड टच के बारे में प्राथमिक शालाओं में जाकर जानकारी दी गई। 6 दिसंबर को लिंग समानता आधारित कार्यक्रम करते हुए महाविद्यालय वह विद्यालय में जाकर कार्यक्रम दिया गया। 7 दिसंबर को उपस्थित महिलाओं को सी बॉक्स पोर्टल के तहत जानकारी दी गई। 8 दिसंबर को महिलाओं के साथ में कुर्सी दौड़ रंगोली प्रतियोगिता वह खेल खिलौने वाली प्रतियोगिता खेल गतिविधियों के साथ में महिलाओं को दी गई। 9 दिसंबर को समस्त कार्यक्रम की जानकारी हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाने हेतु साइंस कॉलेज राजनांदगांव में उपस्थित होकर समस्त जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए कार्य का समापन किया गया।

इस अभियान के माध्यम शहर गांव विद्यालय कॉलेज समूह के महिलाएं एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन सामुदायिक सदस्य सरकारी प्रतिनिधि स्कूली छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए, जिससे महिलाये बालिकाओं की आत्म निर्माण एवं आत्मविश्वास की क्षमता में वृद्धि हुई संपूर्ण अभियान में द्वारा विजेताओं को पुरुस्कृत कर प्रोत्साहन दिया साथ सखी का आईसी मटेरियल का वितरण किया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम एवं नवाबिहान का मुख्य योगदान रहा हैं सखी वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक श्रीमति गायत्री साहू ने अभियान में सहयोगी सदस्य को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

अनमोल दावा

> **ज्यादा खुश होने पर और ज्यादा दुखी होने पर निर्णय नहीं लेना चाहिए। क्योंकि यह दोनों परिस्थितियां आपको सही निर्णय नहीं लेने देती हैं।**

सीरिया तख्तापलट की कहानी, 13 साल पहले भी हुआ था विद्रोह

दुनिया में कहीं भी लोग तानाशाही पसंद नहीं करते। सीरिया में असद और उनके पिता की तानाशाही और दमन से लोग परेशान थे। इस दृष्टि से लोगों में लोकशाही की उम्मीद स्वाभाविक है।

पिछले कुछ वर्षों में तानाशाह शासकों के खिलाफ विद्रोह और तख्तापलट की कई घटनाएं हो चुकी हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश में भी कुशासन के विरुद्ध जनआक्रोश फूटा और सत्ता परिवर्तन हो गया। सीरिया इसका ताजा उदाहरण है, जहां विद्रोही गुटों ने बशर अल-असद का तख्तापलट कर दिया। पिछले ग्यारह दिनों के संघर्ष के बाद विद्रोही गुटों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। हालांकि असद सरकार के दमनकारी रवैये, कुशासन और तानाशाही के खिलाफ लोग काफी समय से नाराज थे।

करीब तेरह वर्ष पहले असद को सत्ता से हटाने की मांग के साथ वहां जनआंदोलन उभरा था। मगर असद उस विद्रोह को दबाने में कामयाब रहे थे। इस बार सीरियाई सेना ने एक तरह से आत्मसमर्पण कर दिया और बिना किसी खून-खराबे के विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम यानी एचटीएस ने आसानी से दमिश्क पर कब्जा कर लिया। सीरिया में विद्रोह की चिंगारी तभी फूटी थी, जब कई अरब देशों में तानाशाहों के खिलाफ जनाक्रोश भड़का था, जिसे च्अरब स्प्रिंगज् कहा जाता है। अब सीरिया में तख्तापलट का बड़ा कारण रूस और ईरान का मदद से हाथ खींच लेना माना जा रहा है।

हालांकि सीरिया में विद्रोही गुट की कामयाबी पर एक बड़े हिस्से में खुशी जताई जा रही है। भारत ने भी वहां शांतिपूर्ण और समावेशी प्रक्रिया के तहत सत्ता हस्तांतरण की उम्मीद जताई है। पर यह सवाल अपनी जगह है कि क्या वास्तव में सीरिया में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसके पहले तानाशाही से मुक्त हुए लीबिया, अफगानिस्तान आदि देशों का उदाहरण सामने है, जहां तख्तापलट के बाद भी स्थितियां बेहतर होने के बजाय बदतर ही होती देखी गई हैं।

सीरिया में भी विद्रोही गुट की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो अल-कायदा से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा, वहां कई देशों और अलगाववादियों के अपने स्वार्थ हैं। ईरान और रूस सीरिया के साथ इसलिए बने हुए थे कि सीरिया रणनीतिक रूप से मध्यपूर्व का एक महत्त्वपूर्ण देश है। ईरान को हमास और हिजबुल्ला जैसे चरमपंथी संगठनों के लिए साजो-सामान जमा करने के लिए सीरिया सबसे उपयुक्त जगह है।

रूस का स्वार्थ तेल और मध्यपूर्व में अमेरिकी दबदबा रोकने को लेकर जुड़ा है। इसके अलावा, कुर्दिस्तान की मांग को लेकर कुर्द विद्रोहियों के अपने समीकरण हैं। एचटीएस में शामिल विद्रोही गुटों के भी अपने-अपने स्वार्थ हैं। इस तरह सत्ता हस्तांतरण के बाद वहां लोकतांत्रिक सरकार बन सकेगी और आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए समावेशी नीतियां बन सकेंगी, कहना मुश्किल है। दुनिया में कहीं भी लोग तानाशाही पसंद नहीं करते। सीरिया में असद और उनके पिता की तानाशाही और दमन से लोग परेशान थे। इस दृष्टि से लोगों में लोकशाही की उम्मीद स्वाभाविक है। मगर एचटीएस से जुड़े विद्रोही संगठनों का जैसा कट्टरपंथी रुझान रहा है, उसे देखते हुए अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि सीरिया में सत्ता का स्वरूप कैसा होगा। अगर वहां भी लीबिया और अफागानिस्तान जैसे हालात बन गए, तो वह असद की तानाशाही से बुरी स्थिति होगी।

ईवीएम वोटों का खेल बम, खुशी कम, ज्यादा गम

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणाम क्या आए..अपने साथ ईवीएम-विरोधी बवाल ले आए। सरकार, प्रशासन, चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल (महायुति) इसे साफ-सुथरी और ईमानदार प्रक्रिया बता रहे हैं, वही विपक्षी दलों (महाविकास आघाड़ी) के नेता इसमें जबरदस्त धांधली होने का आरोप लगा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला गया, तो उसने बैलेट पेपर की मांग करने वाले याचिकाकर्ता को ही खरी-खोटी सुना दी कि जीतने पर ईवीएम खराब नहीं लगती क्या? कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी कर डाली, जबकि 95 वर्षीय बाबा आढ़ाव ने 'यलगार' कर डाला। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) ने तो ईवीएम से निकले परिणामों को जनादेश नहीं मानते हुए इससे लोकतंत्र को खतरे में बता दिया। आखिर सच क्या है? आखिर 5 माह में कैसे बढ़ गए 47 लाख मतदाता? फिर मतदान के दिन, शाम 5 बजे के बाद 7प्रतिशत वोटिंग (70 लाख से अधिक वोट) कैसे बढ़ गई? एक गांव में बैलेट पेपर से हो रही प्रायोगिक वोटिंग को क्यों रोका प्रशासन ने? कांग्रेस से क्या कहा चुनाव आयोग ने ? ईवीएम के 'बम खेल' पर खुशी कम और ज्यादा गम की निष्पक्ष रिपोर्ट यह तो जमाने का चलन और दस्तूर ही है कि किसी भी खेल में हारने वाला अपनी हार के पचासों बहाने (कारण) बताने लगता है। चुनाव के खेल में ऐसा ही एक कारण (बहाना) हारने वाले उम्मीदवारों ने स्थायी रूप से ये ढूंढ़ निकाला है कि, ईवीएम में गड़बड़ी करके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी या दल जीत गया। इस बार के महाराष्ट्र चुनाव में भी पराजित प्रत्याशियों और विपक्षी दलों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में धांधली और घोटाले के आरोप लगाकर आसमान सिर पर उठा रखा है। अब ईवीएम में गड़बड़ी की गई है, या नहीं? उसे 'हैक' किया जा सकता है, या नहीं?... ये जांच के विषय हैं, मगर सुप्रीम कोर्ट में ये मामला (मुद्दा) जाने पर वहां याचिकाकर्ता को फटकार ही सुनने मिली है। शीर्ष अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, जब आप चुनाव जीतते हैं, तब ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती और जैसे ही चुनाव हार जाते हैं, आपको ईवीएम में छेड़छाड़ दिखाई देती है।

150 देशों की यात्रा कर चुके के.एम. पॉल नामक एक समाजसेवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपने देश में मतपत्रों (बैलेट पेपर) के जरिए नए सिरे से चुनाव करवाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि कई विकसित देशों में भी ईवीएम से नहीं, बल्कि मतपत्रों के जरिए मतदान करवाया जाता है। उनके अनुसार, एलन मस्क ने भी कहा था कि, ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है, मगर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप एक ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसने तीन लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं को बचाया है। इसलिए आप उसी क्षेत्र में कार्य करें। आप इस राजनीति में कहां उतर रहें हैं। पीठ ने कहां कि आप बाकी दुनिया से अलग क्यों नहीं होना चाहते? इस पर के.ए. पॉल ने जवाब दिया कि ईवीएम में भ्रष्टाचार और घोटाला हुआ है और इसी साल (2024) जून में निर्वाचन आयोग ने घोषणा की थी कि उन्होंने 9,000 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। तब पीठ ने कहा कि, इससे आपकी बात. कैसे प्रासंगिक हो जाती है?... और, यदि आप मतपत्रों की ओर लौटते हैं, तो क्या भ्रष्टाचार नहीं होगा? दरअसल, ईवीएम पर सवाल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के एकतरफा आए परिणामों से उठने लगे है। राज्य में भाजपा और महायुति की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट ने सबको हैरान कर रखा है। फिर ईवीएम पर सवाल और शक तेज हुए तो सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट ही सवाल की शक्ल में आ गया कि जीतने पर चुप...और हार गए, तो ईवीएम पर सवाल क्यों? यानि यह मानो एक नैरेटिव ही सेट कर दिया गया है। कुछ विरोधियों का कहना है कि, जब तक ईवीएम है, तब तक मोदी हैं। यहां सवाल है कि विपक्ष का उद्देश्य क्या है? विपक्ष का कहना है कि हमें मालूम था कि ऐसे ही परिणाम आएंगे? जब मालूम था, तो चुनाव में गए ही क्यों? और हरियाणा हार कर जम्मू-कश्मीर कैसे जीत गए? फिर महाराष्ट्र हार कर झारखंड कैसे जीत गए? यहां कांग्रेस ये क्यों नहीं मान लेती कि हरियाणा और महाराष्ट्र में उसे अंतर्गत गुटबाज ही ले डूबी ? वैसे ये भी सवाल उठता है कि जब 2004 और 2009 में कांग्रेस ने लोकसभा का चुनाव जीता था, तब भी तो मतदान ईवीएम से ही हुआ था। इसके अलावा राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल, तामिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी ईवीअम से ही विधानसभा-लोकसभा के चुनाव हुए और विपक्षी दल जीते थे। इसी साल लोकसभा के चुनाव में भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई, जबकि वह 400 सीटें पार' का नारा दे रही थी।

तब (आम चुनाव में) विपक्षी 'इंडिया गठबंधन' को 236 सीटें मिलीं, तब यानि 5 महीने पहले ईवीएम पर ज्यादा सवाल खड़े नहीं किए गए। फिर अभी। झारखंड में इंडिया ब्लॉक (जेएमएम-कांग्रेस-राजद) जीत गया, लेकिन महाराष्ट्र में (कांग्रेस-एनसीपी - ईवीएम पर शोर मचने लगा। सच तो यही है कि महाराष्ट्र की हार को विपक्षी दल पचा नहीं पा रहे हैं तथा ईवीएम हैक कर चुनाव नतीजे प्रभावित करने के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन झारखंड में उन्हें ईवीएम में कोई छेड़छाड़ नजर नहीं आती। यानि चुनाव में हार के बाद ही ईवीएम में गड़बड़ी का शोर मचाना, लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा मतदाताओं के विवेक के प्रति अविश्वास जताने जैसा है। जनादेश को अपनी आस्था का परिचय देना चाहिए। लोकतंत्र में जनता का फैसला ही सर्वोपरि होता है। इसलिए जनादेश का आदर-सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम आए लगभग 15 दिन बीत गए हैं, फिर भी विपक्षी दल अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ ही रहे हैं। हालांकि, इस बीच कांग्रेस ने चुनाव आयोग में जो शिकायत की थी, उसके समाधान के लिए नई दिल्ली में आयोग ने कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर उनकी शिकायतों और आपत्तियों को ध्यान से सुना भी तथा उचित कदम उठाने का आश्वासन भी दिया, मगर इससे कांग्रेस या विपक्ष खुश नहीं है। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले तथा वरिष्ठ वकील अभिषेक मनुसिंघवी आदि शामिल हुए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से लिखित शिकायत में कहा था कि. महाराष्ट्र चुनाव परिणाम में आयोग के आंकड़े ही बता रहे हैं कि गड़बड़ी हुई है। कांग्रेस का आरोप है कि आपका डेटा ही संदेहास्पद है। उसका सवाल है कि आम चुनाव (मई-जून, 2024) के 5 महीने बाद (अक्टूबर-नवंबर 24) ही 47 मतदाता कैसे बढ़ गए ? चुनाव आयोग को भेजी गई शिकायत में महाराष्ट्र कांग्रेस ने मतदान और मतगणना प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों में गंभीर विसंगतियां होने का आरोप लगाते हुए आयोग के साथ बैठक की मांग की थी, जिसे आयोग ने मंगलवार (3 दिसंबर) को पूर्ण कर दिया। मगर इस बैठक से कांग्रेस को सिवाय आश्वासन के और कुछ हासिल नहीं हुआ।

कांग्रेस ने आयोग को भेजे पत्र में अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम जोड़े जाने को लेकर भी सवाल खड़े किए थे। उनका कहना था कि पांच महीने में 47 लाख मतदाता कैसे बढ़ गए ? उसी तरह 20 नवंबर को महाराष्ट्र में वोटिंग के दिन शाम 5 बजे चुनाव आयोग के अनुसार औसत मतदान 58.22 प्रतिशत था, जो रात 11.30 बजे तक बढ़कर 65.02 प्रतिशत कैसे हो गया? जबकि मतगणना से कुछ ही घंटे पहले इसे 66.05 प्रतिशत बताया गया था। यानि मतदान से मतगणना के बीच की कालावधि में 7 प्रतिशत मतदान कैसे बढ़ गया? यह वाकई खोज का विषय है। ईवीएम पर कांग्रेस के संदेह करने वाले सवालों पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि उसके मुख्यमंत्रियों और राहुल गांधी जैसे दूसरे चुने गए प्रतिनिधियों को पहले अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और घोषणा करनी चाहिए कि वे बैलेट पेपर से मतदान होने के बाद ही कोई चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि इस तरह का रुख उनकी ओर से उठाए जा रहे मुद्दों पर उनके विश्वास को दिखाएगा। उन्होंने (भाटिया ने) कहा कि उनके (कांग्रेस के) आरोप खोखते शब्दों के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और वोटिंग मशीनों का समर्थन किया है। भाटिया ने मांग की कि पहले राहुल, प्रियंका और उनके सभी मुख्यमंत्री इस्तीफा दें. बाद में ईवीएम पर उंगली उठाएं। भाटिया ने कहा कि ये विडंबना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर उसी दिन सवाल उठाया, जिस दिन प्रियंका गांधी ने संसद के रूप में शपथ ली।

दरअसल, कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर ईवीएम के विरोध में बड़ा जन आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस के अनुसार ईवीएम के खिलाफ जन-जागृति लाने की आवश्यकता है। आशंका है कि ये सारा विरोध कहीं विरोध जताने की रस्म अदायगी तक ही सीमित ना रह जाए। वैसे एमवीए में शामिल दलों को चाहिए कि वे इस सवाल को अपनी राजनीतिक शैली की कमियों को ढंकने की ढाल ना बनाएं हकीकत यह है कि जनता से जुड़ाव और जन मानस को आकर्षित करने के लिए जैसी राजनीतिक कटिबद्धता आवश्यक है, अभिजन वर्ग से आए इन दलों के ज्यादातर सर्वोच्च नेताओं में उसका पर्याप्त अभाव है।

इधर, विपक्ष में शामिल राजनीतिक दल जहां ईवीएम को लेकर आंदोलन करने की योजना बना ही रहे थे कि उधर वरिष्ठ सामाजिक गांधीवादी कार्यकर्ता बाबा आढाव ने पुणे में ईवीएम के विरोध में 'आत्मक्लेश आदोलन' शुरू किया। यह लोकतंत्र बचाने के लिए ईवीएम के खिलाफ उनका यलगार था. जो दो दिनों तक किया गया। बता दें कि बाबा आढ़ाव की उम्र 95 साल है। उनका पूरा जीवन वंचितों, मेहनतकशों और समाज के निम्न तबकों को न्याय दिलाने में ही बीता है। विपक्ष के अनुसार, लोकतंत्र का दीपक बुझ रहा है. इसलिए उसे जलाए रखने के लिए उन्होंने आत्मक्लेश आंदोलन किया। विपक्ष का सवाल है कि जब 95 वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेवक को लोकतंत्र बचाने (ईवीएम हटाने) को लेकर आंदोलन करना पड़ता है, तो क्या इसे लोकतंत्र और स्वतंत्रता का दुर्भाग्य नहीं कहा जाएगा? एनसीपी (शप) के अध्यक्ष शरद पवार ने पुणे जाकर आंदोलनरत बाबा आढाव से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने ईवीएम में वोट डाले जाने के संबंध में जो दावे किए हैं. उनमें कहीं न कहीं कुछ न कुछ सच्चाई तो है. लेकिन उनके पास इन दावों को साबित करने के लिए पुख्ता सबूत नहीं है। महाराष्ट्र में हाल में हुए चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग और बड़ी मात्रा में धन का इस्तेमाल हुआ, जो पहले कभी नहीं देखा गया। स्थानीय स्तर के चुनावों में ऐसी बातें सुनने को मिलती हैं. लेकिन धन की मदद से पूरे चुनावी तंत्र पर कब्जा और सत्ता का दुरुपयोग पहले कभी नहीं देखा गया। महाराष्ट्र में ऐसा सब देखा गया और इसी कारण लोग अब बेचैन हैं। उन्होंने बाबा आढ़ाव के मुद्दों का समर्थन करके उन्हें ढांढस भी बंधाया।

शरद पवार ने कहा कि पहले उन्हें इस बात पर भरोसा नहीं था कि ईवीएम में पहले से ही 15 प्रतिशत वोट डाल दिए गए हैं, लेकिन 5-6 दिनों में उन्हें भी यह महसूस हुआ कि इन दावों में कहीं न कहीं कोई सच्चाई तो जरूर है। आढ़ाव (95 वर्ष) ने गुरुवार को समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के पुणे स्थित निवास 'फुले वाडा' में अपना तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन आंदोलन शुरू किया। इसे विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के सभी सहयोगी दलों कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरद) ने खुलकर समर्थन किया, लेकिन इन सबके बावजूद ईवीएम का कुछ भी बिगड़ेगा... ऐसा लगता नहीं है। उधर, कांग्रेस पार्टी सहित महाविकास आघाड़ी ने ईवीएम के खिलाफ संयुक्त अभियान छेड़ दिया है। जिस दिन (5 दिसंबर, गुरुवार को) महायुति की देवेंद्र सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा था. उसी दिन राज्यभर में आघाड़ी के नेता-कार्यकर्ता ईवीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। कांग्रेस के पूर्व विधायक सुनील केदार ने पूछा कि जिसे दुनिया ने नकारा, उसका इस्तेमाल आखिर भारत क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि, चुनाव आयोग ने जनता के वोटों पर डाका डाला है, जबकि शिवसेना (उबाठा) के बड़बोले सांसद और प्रवक्ता संजय राऊत ने विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत की पोल खोलते हुए कहा कि बढ़े हुए वोटों ने ही महायुति को जिताया। सऊत ने कहा कि राज्य में लोकतंत्र और सामाजिक व्यवस्था खतरे में है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव आयोग और कोर्ट से कोई उम्मीद नहीं है।

इसी तरह राकांपा (शप) के नेता जितेंद्र आव्हाड़ ने कहा कि ईवीएम का डेटा नष्ट किया जा चुका है। यह ईवीएम का बहुत बड़ा घोटाला है। आव्हाड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि, अब जब किसी की मांग पर (पैसे भरने के बाद) पुनर्मतगणना होगी, तो उसमें दूसरी मशीन दिखाई जाएगी। अगर दूसरी मशीन दिखाई गई, तो फिर दोबारा गिनती का क्या फायदा होगा? उन्होंने निर्वाचन विभाग के लोगों की भूमिका पर संदेह भी जताया, जबकि दक्षिण नागपुर के पराजित कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश पांडव ने 7 मतदाता केंद्रों पर सत्यापन की मांग (वोटिंग डेटा की जांच के लिए आवेदन) करते हुए चुनाव आयोग के पास 3 लाख रुपए जमा भी करवा दिए हैं। राज्य में कुल 27 उम्मीदवारों ने पुनर्मतगणना के लिए पैसे चुनाव आयोग के पास जमा किए हैं।

इन आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा नेताओं ने विपक्ष के नेताओं से इस्तीफा देने को कहा है। भाजपा के विप-विधायक परिणय फुके ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले को इस्तीफा देकर बैलेट पेपर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। वहीं, ठाणे शहर के एनसीपी (अजित) अध्यक्ष आनंद परांजपे ने जितेंद्र आव्हाड़ से आह्वान किया कि उनमें हिम्मत है, तो इस्तीफा देकर फिर चुनाव लड़ लें। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या ईवीएम वाकई भारतीय लोकतंत्र के लिए घातक है? आखिर ईवीएम को भगवान क्यों माना जा रहा है? आखिर वो भी मशीन है, उसमें भी गड़बड़ी हो सकती है, लेकिन सरकार, प्रशासन और चुनाव आयोग हरगिज ये मानने को तैयार नहीं है। महाराष्ट्र के पुणे जिले के मालशिरस विधानसभा क्षेत्र में एक विजेता उत्तम जानकर (राकांपा-शप) ने ही अपने गांव मर्कटवाड़ी में उन्हें कम वोटिंग मिलने पर बैलेट पेपर से पुनः मतदान कराने की तैयारी की, मगर उसे प्रशासन ने दबाव डाल कर रुकवा दिया। आखिर क्या होगा ईवीएम का भविष्य कौन जानता है?

- राष्ट्र पत्रिका से साभार

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 338 श्री राम बढ़े गंगा तट की ओर, भारी मन से सुमंत लौटे रथ की ओर

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

सुमंत जी के लिए यह उनके जीवन का सर्वाधिक कठिन क्षण है।वे अब तक तो श्री राम के साथ हैं , लेकिन अब अगले ही क्षण उनसे दूर हो जाएंगे।

उन्होंने मन ही मन सोचा, यह किस बात का दंड दे रहे हैं प्रभु? इस कठिन कार्य के लिए आपने मुझे चुना है कि मैं श्री राम को वनवास के लिए राज्य की सीमा से बाहर लेकर जाऊं।अयोध्यावासी मुझे यही कहेंगे कि सुमंत ने महाराज दशरथ के आदेश का पालन नहीं किया और वे श्री राम को अयोध्या राज्य की सीमा की भीतर ही रोकने में असफल रहे।

आर्य सुमंत जवत हैं।वे कुछ कहने का साहस नहीं कर पा रहे हैं। अब श्री राम ने निषादराज से कहा, मित्र आपसे एक अनुरोध है। हमें गंगा पार कर दक्षिण की ओर जाना है।अतः कृपया एक नौका की व्यवस्था करवाइए।

जो आज्ञा श्री राम! आइए प्रभु, गंगा तट की ओर चलते हैं। वहां आपको नौका तैयार मिलेगी। निषाद राज ने उत्तर दिया और उनके संकेत पर एक सेवक गंगा तट की ओर रवाना हो गया।

सीता जी के हाथ में उनकी पोटलिका है। लक्ष्मण जी ने अपने में उपयोग की गई सामग्रियों को थैले में वापस रखा। दोनों भाइयों ने अपने दाहिने हाथ में धनुष धारण किया। उनके कंधों में तूणीर है और वे आगे की यात्रा के लिए तत्पर हैं।

श्री राम ने सुमंत जी से विदा ली। उन्होंने कहा, हम आगे प्रस्थान करते हैं सुमंत जी! अब आप अपना रथ मोड़ लीजिए और वापस अयोध्या जाइए।

सुमंत जी ने अपने दोनों हाथ जोड़ लिए और उनकी आंखों से आंसू की कुछ बूंदें छलक उठीं। श्री राम,सीता जी, लक्ष्मण जी और निषाद राज पैदल ही गंगा नदी के उस भाग की ओर जाने लगे,जहां से नौका उचित दिशा की ओर बढ़ सकती थी। सुमंत जी बहुत देर तक उस स्थान पर खड़े रहे।वे इसके बाद धीरे-धीरे भारी मन से अपने रथ की ओर बढ़ने लगे।वे प्रेम रस में डूबे हैं और अपनी किसी अत्यंत प्रिय वस्तु के खो जाने का भारी संताप अपने हृदय में अनुभव कर रहे हैं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी

साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। आपकी किसी पुरानी गलती के लिए आपको परिवार में वरिष्ठ से माफी मांगनी पड़ सकती है। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

वृष राशि

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

मिथुन

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

कर्क

आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें ,जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में आपके धन की व्यता रहेगी।

सिंह

आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में मैं रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं।

कन्या

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले ,अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

तुला

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

वृश्चिक

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

धनु

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है।आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

मकर

आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा ,जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

कुंभ

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घर वाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

मीन

आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अन बन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होगा।

सू- दोकू क्र 262

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.261 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था को दूर करने कांग्रेसियों ने राज्यपाल को लिखा पत्र

0 किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग
0 एसडीएम खैरागढ़ को ज्ञापन सौंप बताई किसानों की समस्या

खैरागढ़ (दावा)। जिले के धान खरीदी केन्द्रो में फैली अव्यवस्था को दूर करने के साथ ही किसानों की समस्याओं का निराकरण किये जाने कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीम खैरागढ़ को ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के निर्देश पर ज्ञापन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ व ग्रामीण अध्यक्ष आकाशदीप सिंह सहित कांग्रेसियों ने बताया है कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा। कांग्रेसियों ने धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था को लेकर कहा कि वहां बारदाने की कमी है जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता। किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वयं करो उसका भुगतान किया जायेगा लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलो से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है और जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 14 विवंटल धान खरीदा जा रहा, पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं परन्तु उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते में रकम हफ्तों तक नहीं आया है। जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। कांग्रेसियों ने मांग की है कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रु. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था और इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। कांग्रेसियों ने मांग की है कि किसानों की परेशानियों के निराकरण कर किसानों के पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दिया जाए।

नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर 13 दिसंबर को विशाल धरना प्रदर्शन व पुतला दहन किया जायेगा

नगर पालिका परिषद खैरागढ़

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका में लगातार चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी एवं पार्षद दल द्वारा नगर प्रशासन के खिलाफ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा व संगठन के पदाधिकारी के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन शुक्रवार 13 दिसंबर को नगर पालिका परिषद के सामने सुबह 11 बजे रखा गया है। धरना प्रदर्शन को विधायक सहित कांग्रेस नेतागण संबोधित करेंगे तथा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा साथ ही नगरपालिका अधिकारी का पुतला दहन भी किया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि नगरपालिका अधिकारी द्वारा लगातार शासन की राशि का फर्जी तरीके से आहरण कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है, नगर पालिका में स्वछता श्रृंगार में लाखों रुपया का आहरण, स्टेशनरी सामान क्रय में फर्जी, बिना जीएसटी व कोटेशन, स्व. राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनवरण में घोटाला, नल जल योजना में बिना टेक्स देय 57 लाख का आहरण, पम्प मरम्मत व डीजल खपत अधिक बता कर लाखो रूपया का भुकतान सहित तात्कालिक नपा अध्यक्ष के 37 लाख का जिम खरीदी में बिना समान क्रय किये। भुगतान होने पर तात्कालिक अध्यक्ष पर कार्यवाही नहीं करने सहित अन्य विषय को लेकर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा एवं शहर अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष भिखम चंद छाजेड़, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, उपाध्यक्ष रज्जाक खान के नेतृत्व में धरना व पुतला दहन कार्यक्रम तय किया गया है।

पहला कॉलम...

केसाल में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने ग्रामीण कलेक्टर और सचिन बघेल से मिले

खुज्जी (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोशीलमती सोसायटी के अंतर्गत तीन पंचायतों को मिलाकर एक धान खरीदी केन्द्र शासन के निर्देशानुसार खोला जाना है। अभी वर्तमान में जोशीलमती में धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने से धान खरीदी बंद होने की संभावना है। इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत गर्रापार, ग्राम पंचायत केसाल एवं ग्राम पंचायत दैहान के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर एवं जिला केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल से मुलाकात किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही केसाल में नया धान खरीदी केन्द्र खोला जायेगा। जिससे किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा मिलेगी। प्रमुख रूप से तिलोचन साहू पूर्व अध्यक्ष जोशीलमती सोसायटी, सुखदेव सिंह चन्द्र वंशी, उमाशंकर चन्द्रवंशी, किर्तन धावड़े, रामदेव कंवर, दिलीप कुमार साहू, कमलाकांत पटेल, बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, डाक्टर जामवंत साहू सहित आसपास के ग्रामीणों ने मुलाकात की।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में जिला शिक्षाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

डोंगरगांव(दावा)। नगर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में प्रवास सिंह बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा निरीक्षण किया गया, इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को कैरियर संभावनाओं से अवगत कराया तथा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अच्छे करियर हेतु प्रेरित किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक लेकर उन्हें बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिया और समय पर सिलेबस पूरा करने, प्रश्न बैंक से तैयारी करवाना और बच्चों को विभिन्न परीक्षाओं जैसे- नवोदय प्रवेश परीक्षा, सैनिक स्कूल परीक्षा, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एवं स्कॉलरशिप हेतु एनएमएमएस के प्रति जानकारी देने एवं हिस्सा लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देशित किया। बैठक में प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल एवं हॉयर सेकेंडरी के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। उक्त निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ जयंत साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव भी उपस्थित रहे।

मनेरी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगांव अंतर्गत मनेरी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष वैष्णव पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ए.आर.साहू, संकुल समन्वयक नीलमणी, के.पी.साव, विमल साहू, भुनेश्वर चन्द्रवंशी, वीरेंद्र यादव, माधव साहू, किशन देशमुख, रमा भीमटे, कीर्ति सिन्हा, सरिता यादव, छत्रपति गुरु, पूनम जोशी, शादिका अंसारी, रुकैया हनफी, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, नीता साहू, चंदू लाल निषाद ग्राम बरगाँव के पूर्व जनपद सदस्य तेजोबाई साहू, चेतन मानिक विकास समिति अध्यक्ष, डोमारदास मंडावी, सेवाराम खुटियारे, प्रेम श्रीवास, कुंती यादव, हुमन बैद, देवाराम रामटेके एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विकास कार्यो के लिए नवगठित नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के लिए 1.36 करोड़ रूपए मंजूर

नगरीय प्रशासन विभाग ने 19 कार्यों के लिए स्वीकृत की अनुदान राशि

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने चार महीने पहले गठित राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 35 लाख 95 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना विकास के 19 कार्यों के लिए राशि मंजूरी का आदेश जारी किया है। इनमें लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण के 12, आरसीसी नाली निर्माण के चार, आरसीसी पुलिया निर्माण के दो और कार्यालय भवन मरम्मत का एक कार्य शामिल है।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद में राज्य के प्रत्येक नगर पंचायत को डेढ़-डेढ़ करोड़ रूपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की थी। इसके अनुपालन में विभाग द्वारा लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के लिए करीब एक करोड़ 36 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा है कि हर नगरीय निकाय को उसकी जरूरत एवं मांग के अनुरूप विकास कार्यों और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए राशि प्रदान की जा रही है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद से एक करोड़ 35 लाख 95 हजार रूपए का यह अनुदान स्वीकृत किया है। विभाग ने सीसी रोड निर्माण के 12 कार्यों के लिए 87 लाख 44 हजार रुपए और आरसीसी नाली निर्माण के चार कार्यों के लिए 17 लाख 30 हजार रूपए मंजूर किए हैं। आरसीसी पुलिया निर्माण के दो कार्यों के लिए तीन लाख 21 हजार रूपए तथा कार्यालय मरम्मत के लिए 28 लाख रूपए की भी स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई है।

विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 14 से 20 दिसम्बर तक

राजनांदगांव(दावा)। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में स्वास्थ्य शिविर जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 14 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 दिसम्बर को छुरिया, 16 दिसम्बर को डोंगरगांव, 17 दिसम्बर को डोंगरगढ़ एवं 20 दिसम्बर को घुमका में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जोरातराई में मंडई 15 दिसंबर को

राजनांदगांव (दावा)। समीप ग्राम जोरातराई (बोरी) में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अग्घन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम जोरातराई में दिनांक 15 दिसम्बर दिन रविवार को मंडई एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग दुर्ग वाले का कार्यक्रम रखा गया है।

ग्राम चौथना में पट्टे की जमीन पर मुरूम का अवैध उत्खनन

एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा की गई कार्यवाही

डोंगरगढ़(दावा)। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर के द्वारा अवैध मुरुम खुदाई को लेकर कार्यवाही की गई। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि ग्राम चौथना में सरकारी पट्टे की जमीन से अवैध रूप से मुरूम के उत्खनन को लेकर शिकायत प्राप्त होते ही उच्च अधिकारी के दिशा निर्देश पर ग्राम चौथना का जायजा लिया गया। मौके पर मुरूम के परिवहन में लगा कोई वाहन नहीं मिला बल्कि एक मशीनों (जेसीबी) को मुरूम का उत्खनन करते पाया गया। उनके चालक से मुरूम खुदाई और परिवहन संबंधी वैध दस्तावजे मांगे गए, किंतु संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद अवैध मुरुम खुदाई में लगी जेसीबी मशीन को जप्त कर थाने लाया गया।

मुरूम का अवैध खनन पर कार्रवाई की गई, रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी - एसडीएम

एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा बताया गया कि अवैध रूप से मुरूम उत्खनन की जगह का नाप जॉप करने का आदेश दे दिया गया है इस मामले में प्रकरण तैयार कर कलेक्टर को भेजा जायेगा है। आगे की कार्यवाही कलेक्टर द्वारा तय की जाएगी।

आज से पालिका कर्मचारियों की हड़ताल

0 मूलभूत सुविधा एवं नगर विकास के कार्य होंगे प्रभावित, सार्थक पहल नहीं होने की स्थिति में मतदान का बहिष्कार करेंगे कर्मचारी के परिजन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय एवं नगर पालिका अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 6 सूत्रीय मांग पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। डोंगरगढ़ में नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठने नगर पालिका अधिकारी एवं एसडीएम मनोज मरकाम को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कर्मचारियों द्वारा 6 सूत्रीय मांग के संबंध में बताया गया कि, कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, 6वें व 7वे वेतनमान की ऐरियस राशि प्रदान करने, अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही करने, 10 वर्ष सेवा पश्चात अधिकारी/कर्मचारियों को पदोन्नति शीघ्र ही करने, तथा निकायों में ठेका पद्धति को समाप्त कर ठेका कर्मचारियों को निकाय में सम्मिलित करने की मांग शामिल है।

उक्त सभी मांगों को लेकर दिनांक 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाना प्रस्तावित है। निकायों एवं पालिका के नियमित/प्लेसमेंट/मास्टर रोल कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से प्रदेश के शहरो में जलापूर्ति, साफ-सफाई,विद्युत व्यवस्था और राज्य सरकार के तमाम सरकारी योजनाओं का संचालन पूरी तरह प्रभावित होगा। कर्मचारियों ने बताया कि, 6 सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है।सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी आगामी नगरी निकाय एवं पालिका चुनाव में कर्मचारी व परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में दिव्यांगजनों के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं रियायत कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू

Divyangjan Card Application
Staff Login
APPLICANT LOGIN

राजनांदगांव (दावा)। रेल प्रशासन द्वारा दिव्यांयगजनों को रेल यातायात के दौरान रेलवे रियायत देने के लिए रियायत कार्ड जारी किया जाता है। रियायत कार्ड जारी करने के संबंधित शासकीय चिकित्सक द्वारा दिव्यांग व्यक्ति के निःशक्तता प्रमाणपत्र व मूल रेलवे कंसेशन प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। इस प्रमाणपत्र के सत्यापन में विलंब होने के कारण रेलवे द्वारा रियायत पहचान पत्र जारी करने में विलंब होता है जिसके कारण दिव्यांगजनों को इस रियायत का लाभ लेने में कठिनाईयों का सामना करना पडता है इसके मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा समय-समय पर रेलवे स्टेशनों में शिविर के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी दिव्यांगजनों को रेल यातायात के दौरान रेलवे रियायत हेतु आवेदन एवं कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने हुए तत्काल प्रभाव से दिव्यांग यात्रियों के लिए एक समर्पित वेबसाइट divyangjanid.indianrail.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया है।

इस प्रक्रिया के प्रारंभ होने से मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी दिव्यांगजनों को रियायत कार्ड अतिशीघ्र जारी करना संभव हुआ है। यह पहल रेलवे की समावेशिता के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया से रेलवे कंसेशन प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजनों को रेलवे के कार्यालय में उपस्थित नहीं होना पड़ेगा। रियायत कार्ड जारी हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन में शीघ्रता आयेगी और जल्द कार्ड जारी किया जा सकेगा। यात्री अपनी दिव्यांगजन कार्ड के लिए उपरोक्त वेब साइट पर आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। वहीं रेलवे कंसेशन कार्ड प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजनों शारीरिक रूप से कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता कम हो जायगी तथा लंबी लाइन पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और दिव्यांगजन अपना रियायत आई कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे काउंटर या आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा शामिल है।

विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या के निराकरण हेतु एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग

डोंगरगढ़(दावा)। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ग्राम अछोली स्थित सोसाइटी में धरना प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी केदो में फैली अवस्था तथा किसानों की समस्या के निराकरण हेतु हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ते धान खरीदी केन्द्रों चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है।

किसानों को हो रही परेशानी को दूर करने एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया की खरीदी केंद्रों में, बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार की ओर से कहा गया है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। जबकि 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है। जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वयं करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है। जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है, जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है, अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा। जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है।

सोसायटी में हो रही अव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेसी

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंन्हा, चुम्मन साहू, विष्णु लोधी, गोकुल वर्मा पंचराम चंदेल योधन दास साहू कीर्तन कंवर गोकरण कोसले दिनेतू जांगड़े, हरक पटेल ने भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और आगे व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, मनीषा नेताम, विष्णु लोधी, गोकरण कोसले, पंचराम चंदेल, दशरथ ठाकुर, पल्टू लहरे, जगदेव साहू, योधन दास साहू, दिनतु प्रकाश जांगड़े, सामसाय टांडेकर, रुपेश वर्मा, भुवनेश्वर दास साहू, कीर्तन राम कंवर, हरक राम पटेल, गंगाराम, सतानंद कंवर, घनश्याम साहू, संतोष हठिले, शेर सिंग लहरे, एवं किसान साथी उपस्थित थे।

विधायक भोलाराम साहू ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीताकसा व जंगलपुर (गैंदाटोला) में विधायक भोलाराम साहू पहुंच कर सरस्वती माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की और नव-निर्माण सामुदायिक भवनों का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किए। विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत पंचायत पदाधिकारियों को उपरोक्त लोकार्पण विकास कार्यों के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए। इस लोकार्पण कार्यक्रम के शुभ अवसर के दौरान ईश्वर साहू जनपद सदस्य, प्रतिमा साहू जनपद सदस्य, प्रकाश शर्मा सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, राजकुमार सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, छोटे लाल भुआर्य पूर्व सरपंच, गजेंद्र भुआर्य ग्राम प्रमुख, बलेश्वर चन्द्रवंशी ग्राम प्रधान, दिनेश साहू सचिव, लाजवंती ठाकुर सरपंच, लखन लाल उपसरपंच, महेंद्र साहू, धनेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, कान्ति बाई साहू, कमल यादव, मधुलता सहारे, प्रभा साहू, बाबूलाल साहू शिक्षक, ओमप्रकाश एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

हाईकोर्ट में पूर्व एजी वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला रखा गया सुरक्षित

पीडीएस घोटाले से जुड़ा मामला

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में आज पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है. जस्टिस अग्रवाल के सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. रायपुर के एसीबी कोर्ट में पूर्व महाधिवक्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई थी. ,ष्टक्क कोर्ट ने पूर्व महाधिवक्ता की अग्रिम जमानत याचिका को अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए खारिज कर दिया था.

जिसके बाद एसीबी कोर्ट के फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई है. पूर्व महाधिवक्ता ने यह याचिका वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर भादुड़ी के माध्यम से लगाई है. देखना होगा कि पूर्व,त्र को उच्च न्यायालय से राहत मिलती है या फिर निचली अदालत के फैसले को यथावत रखा जाएगा.

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने डॉ. आलोक शुक्ला, अनिल टुटेजा, सतीश चंद्र वर्मा और अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धाराओं 7, 7क, 8, और 13(2) और भारतीय दंड संहिता की धाराएं 182, 211, 193, 195-ए, 166-ए, और 120बी के तहत अपराध दर्ज किया था.

ईओडब्ल्यू की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार, पूर्व आईएएस डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा ने तत्कालीन महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा से पद का दुरूपयोग करते हुए लाभ लिया. दोनों अफसरों ने तत्कालीन महाअधिवक्ता वर्मा को लोक कर्तव्य को गलत तरीके से करने के लिए प्रेरित किया था.

ईओडब्ल्यू का आरोप है कि इसके बाद तीनों ने मिलकर एजेंसी (ईओडब्ल्यू) में काम करने वाले उच्चाधिकारियों से प्रक्रियात्मक दस्तावेज और विभागीय जानकारी में बदलाव करवाया, ताकि नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ 2015 में दर्ज एक मामले में अपने पक्ष में जवाब तैयार कर हाईकोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रख सकें और उन्हें अग्रिम जमानत मिल सके.

पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 1844 की मासिक बैठक आज दिनांक 9 दिसंबर को प्रदेश स्टा ए कार्यालय में आहट की गई यह बैठक वरिष्ठ पेंशनर वरिष्ठ पेंशन एवं पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डी.एन.साहू तथा डॉक्टर के.एल.एल.टांडेकर प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित थे उपस्थित सदस्यों के द्वारा एजेंडा में दिए गए विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आगामी कार्य योजना बनाई गई विशेष रूप से नए सदस्य बनाना सदस्यों की समस्याएं पर उचित कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उचित निर्णय लेना सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। डॉक्टर के एल एल टांडेकर ने अपने उद्बोधन में विस्तार से बताया कि शासन स्तर पर लंबित समस्याओं की त्वरित पहल की जा रही है।

प्रदेश के पदाधिकारी गण एड्रेस पेंशनर संगठन की समस्त गतिविधियों के संचालन में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनरों की समस्याओं को विभाग प्रमुख के द्वारा सहानुभूति पूर्वक निराकरण की कार्रवाई करें तथा किसी भी पेंशनर को विभाग द्वारा परेशान ना किया जाए। जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज एवं बैंकों के अधिकारियों को पत्र लिखकर पेंशनरों को सुविधा प्रदान करने निवेदन किया जाए उपस्थित सदस्यों ने आज डी.एन.साहू पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तथा श्री केपी सिंह महामंत्री का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया केक काटी गई इसी प्रकार अन्य सदस्य ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

श्रीमती हसीन खान ने बताया कि 15 दिसंबर को दुर्ग जिले में पेंशनर एसोसिएशन की बैठक रखी गई है जिसमें महापौर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे इस बैठक में प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित देंगे अंत में कुछ सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किया महामंत्री श्री केपी सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

17 दिसंबर को पेंशनर दिवस होने पर विभिन्न आयोजन किए जाने का निर्णय भी लिया जिसमें वरिष्ठ पेंशनर साथियों का सम्मान भी किया गया। यह प्रेस विज्ञप्ति नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे द्वारा दी गई।

प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर में पढ़ने वाली ग्यारहवीं की छात्रा तीन मंजिला छत से गिरने से मौत

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतिम छोर महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम बाघनदी से कांकेर के प्रयास आवासीय विद्यालय पढ़ाई करने गई छात्रा करिश्मा ठलाल की तीन मंजिला हॉस्टल से गिर कर मौत हो गई।

जानकारी अनुसार छात्रा करिश्मा पिछले दो सालो से प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर में पढ़ाई कर रही थी और वर्तमान में वह ग्यारहवी में अध्यनरत थी, जो 9 दिसंबर दिन सोमवार को क्लास जाने के लिए यूनिफार्म पहन कर तैयार हुई, जिसके बाद अचानक छत से किसी चीज की गिरने की आवाज आई, वहां उपस्थित अन्य बच्चों ने जब देखा तो छात्रा करिश्मा बेसुध पड़ी थी, जिसे प्रयास आवासीय विद्यालय के स्टाफ व साथी छात्राओं द्वारा कांकेर के स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, गंभीर रूप से घायल छात्रा की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद रायपुर रिफर कर दिए, रास्ते में घायल छात्रा की हालत और नाजुक होते गई, रायपुर पहुंचने पर जब वी वाय हॉस्पिटल मे घायल छात्रा को डाक्टरों ने देखा और जॉच किया गया तो उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद छात्रा करिश्मा की डेट बॉडी रायपुर के ही मेकाहारा हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा गया, जिसे 10 दिसंबर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कर छात्रा की बॉडी परिजनों को सौंप दिया गया।

इस मामले में परिजनों का कहना है, कि करिश्मा पढ़ने लिखने मे बेहद होशियार थी उसे किसी भी बात की कोई चिंता नहीं थी व चंचल लड़की थी वो कोई बात हम परिजनों को छुपाया नही करती थी, हमें आशंका है कि करिश्मा के साथ कुछ गलत हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए, करिश्मा के परिजन प्रयास स्कूल/हॉस्टल प्रबंधन पर भी लापरवाही का आरोप लगा रहे है। इधर करिश्मा के घटना सुनकर पूरे बाघनदी में शोक की लहर है, एवं पढ़ने गई जवान बेटी की मौत से परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

खेल से ही शारिरिक और मानसिक विकास संभव - किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र भोलापुर के ग्राम झालाटोला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उपरोक्त समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व संजय कुमार सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति, छुरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। स्वागत सत्कार उपरांत श्रीमती वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खिलाड़ी भावना के साथ खेला जाना चाहिए, खेल और व्यायाम से मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास संभव है साथ ही पढ़ाई से ही जीवन जीने की राह आसान होती है। इस अवसर पर मुख्यरूप से श्रीमती विमला सिन्हा, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति शिकारीमहका, नकुल नेताम अध्यक्ष भोलापुर, विष्णु साहू, रघुवीर सेवता सहित, गुरुजन, खिलाड़ी व ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने की प्रभारी मंत्री से शिक्षा विभाग की भ्रष्टाचार की शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा विभाग में लगातार हो रहे फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार, और वित्तीय अनियमितता की लिखित शिकायत पंहुची प्रभारी मंत्री के पास, पुलिस अधीक्षक से जांच कराने की हुई मांग।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन लगातार शिक्षा विभाग के भ्रष्ट अधिकारीगण और कर्मचारीगण पर कार्यवाही की मांग कर रहा है लेकिन उलटा एसोसियेशन के खिलाफ शिक्षक फडरेशन को ही आगे खड़ा कर दिया गया, बावजूद इसके पैरेंट्स एसोसियेशन अपनी मांग से पीछे हटने को तैयार ही नहीं हो रहा है। प्रभारी मंत्री को दिए तीन लिखित शिकायत में जेल में बंदी रहे उत्तरा लहरे के नियम विपरीत वेतन आहरण, महेश ठाकुर एवं अभिषेक श्रीवास्तव को कम्प्युटर ऑपरेटर के पद से जारी वेतन और डी के लिल्हारे एवं अन्य कर्मचारियों के बिना अनुमति विदेश यात्रा का उल्लेख है।

एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष त्रिगुण सादानी ने प्रभारी मंत्री को बताया कि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल के संरक्षण के कारण दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं हो पा रहा है, जिससे ऐसा प्रतित हो रहा है, डी के लिल्हारे एवं अन्य कर्मचारी जो विदेश यात्रा पर गए थे। वे वहां गैर कानूनी गतिविधि में संलिप्त थे और उनके अपराधों को छिपाया जा रहा है। वहीं उत्तरा लहरे, जो शासकीय उ.मा.शाला कोकपुर, डोंगरगांव में व्याख्याता है, 11 और 12 जुलाई जिला जेल में बंदी थे, जेल से बाहर आते ही उनका नियम विपरीत अर्जित अवकाश स्वीकृत कर उन्हें वेतन जारी कर दिया गया। वैसे ही महेश ठाकुर और अभिषेक श्रीवास्तव जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी नही है, बावजूद उन्हे कम्प्युटर ऑपरेटर के पद से नियम विपरीत वेतन जारी किया जा रहा है। श्री सादानी ने बताया कि शिक्षा विभाग के भ्रष्ट कर्मचारीगण जो मलाईदार कक्षों का प्रभार संभाल रहे है, अपने उपर लगे आरोपों से बचने एसोसियेशन पर कार्यवाही की मांग कर रहे है, जबकि वर्ष 2021 में भी इन्ही कर्मचारीयों के द्वारा एसोसियेशन पर कार्यवाही की मांग किया था, जांच में एसोसियेशन के विरूद्ध इनकी लिखित को तथ्यहीन पाया गया था और न्यायालय ने भी एफआईआर दर्ज करने की इनकी मांग को खारिज कर दिया है।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25

निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए नोडल अधिकारी तथा सहायक नियुक्ति

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 के विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए नोडल अधिकारी तथा नोडल अधिकारियों के सहायक नियुक्त किया हैं। कलेक्टर ने सभी सहायक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में सौंपे गये दायित्वों का सम्पादन करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को जाबो कार्यक्रम एवं निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार का कार्य सौंपा है। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव सुश्री अमरिका देवांगन, परियोजना अधिकारी मनरेगा फैज मेमन को सहायक नियुक्त किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को मतदान दल गठन, कार्मिक कल्याण, मानव संसाधन, अवकाश की स्वीकृति का कार्य सौंपा गया है। सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्यौहारे, करारोपण अधिकारी उप संचालक पंचायत अनिल साव, सहायक ग्रेड-3 जिला शिक्षा अधिकारी निश्चय रामटेके, सहायक ग्रेड-3 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव प्रकाश नंदनवार को सहायक नियुक्त किया गया है। इसी तरह सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह को नाम निर्देशन कक्ष में बैठक, साउण्ड, फर्नीचर, कम्प्यूटर-प्रिंटर, इंटरनेट सहित संपूर्ण व्यवस्था, मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव मनीष साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डोंगरगांव श्रीमती रोशनी भगत टोप्पो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ आलोक सतपुते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू को सहायक नियुक्त किया गया है।

अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र, मतगणना प्रभारी का कार्य सौपा गया है। उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता को सहायक नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह को कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी), सम्पत्ति विरूपण, जोनल (सेक्टर) अधिकारी की नियुक्ति, सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, यातायात व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा, सहायक ग्रेड-2 जिला कार्यालय शिव कुमार साहू, सहायक ग्रेड-2 जिला कार्यालय दीपक बंजारा को सहायक नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल को आईडी कार्ड व पास व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर हुरा, महिला बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रप्रकाश लाड़े को सहायक नियुक्त किया गया है। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल को निर्वाचन हेतु समस्त लेखन सामग्री, फॉर्म, लिफाफे, निर्वाचन सामग्री आदि की व्यवस्था कर संबंधितों को प्रदाय करना एवं समस्त स्टोर संबंधी कार्य, मतपेटी व्यवस्था, सामग्री वितरण-वापसी व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। सहायक ग्रेड-3 भू-अभिलेख शाखा अश्वनी ध्रुव, सहायक ग्रेड-3 जिला निर्वाचन शाखा मनोज कुमार बोपचे को सहायक नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे को रूट चार्ट तैयार करने, मतपत्र प्रुफ रीडिंग, निर्वाचन नामावली की चिन्हित प्रति तैयार करने, कम्यूनिकेशन प्लान तैयार करने का कार्य सौंपा गया है।

सहायक अधिकारी भू-अभिलेख परमेश्वर भूआर्य, सहायक अधिकारी भू-अभिलेख रामनरेश पटेल, राजस्व निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार देवांगन, राजस्व निरीक्षक मुरली शर्मा, सहायक अधिकारी भू-अभिलेख पुरूषोत्तम लाल ध्रुव, डाएआ भू-अभिलेख आलोक सुकतेल को सहायक नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे को निर्वाचन हेतु मतपत्रों की जानकारी प्राप्त करना, मतपत्र मुद्रण कराना एवं रिटर्निंग ऑफिसर को प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह, उप कोषालय अधिकारी कृतलाल साहू, उप कोषालय अधिकारी राकेश कुमार हेड़उ, सहायक ग्रेड-2 जिला कोषालय प्रकाश श्रीवास्तव को सहायक नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव को कंट्रोल रूम, शिकायत सेल का कार्य सौंपा गया है। सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय विकास ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय जिला नाजिर शाखा विकास श्रीवास्तव को सहायक नियुक्त किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन को नाम निर्देशन हेतु आवश्यक समस्त प्रपत्र एवं लेखन सामग्री आदि प्राप्त कर रिटर्निंग, सहायक निटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराना, नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, वापसी एवं चुनाव चिन्ह आबंटन संबंधी जानकारी प्राप्त कर प्रारूप में आयोग को भेजना, आयोग को भेजे जाने वाले समस्त प्रपत्र एवं प्रतिवेदन का कार्य सौंपा गया है। करारोपण अधिकारी पंचायत विजय साहू, सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय सुनील शर्मा, सहायक ग्रेड-3 नजूल शाखा सिद्धार्थ पाण्डेय को सहायक नियुक्त किया गया है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संतोष सिंह को आईटी से संबंधित कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स सौरभ मिश्रा को सहायक नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना, मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देना, प्रशिक्षण का कार्य सौंपा गया है। सहायक ग्रेड-2 जिला पंचायत श्री नेमचंद देवांगन, मास्टर ट्रेनर्स व प्राचार्य शासकीय बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर श्री कैलाश शर्मा, मास्टर ट्रेनर्स व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेड़ेसरा श्री दीपक सिंह ठाकुर, मास्टर ट्रेनर्स व व्याख्याता शासकीय बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर भूपेश कुमार साहू को सहायक नियुक्त किया गया है। खनिज अधिकारी प्रवीण चन्द्राकर को प्रेक्षक व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है।

सहायक खनिज अधिकारी भरत लाल बंजारे, सहायक ग्रेड-3 खनिज शाखा मनीष कुमार साहू को सहायक नियुक्त किया गया है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके चौरसिया को सभी जनपद पंचायतों के लिए स्ट्रांग रूम एवं सामग्री वितरण-वापसी के लिए बैरीकेटिंग इत्यादि संबंधी कार्य का दायित्व सौंपा गया है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव श्री प्रदीप कुमार सिंघानिया, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डोंगरगढ़ केके सिंह, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डोंगरगांव हर्षद साहू को सहायक नियुक्त किया गया है। सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग जितेन्द्र राजपाली को आवश्यक विद्युत व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। उपयंत्री विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग पीके ठाकुर को सहायक नियुक्त किया गया है।

प्रथम पेज का शेष

उपराष्ट्रपति धनखड़ के खिलाफ...

विपक्ष ने सभापति के खिलाफ अचानक अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन में उनके कथित पक्षपाती व्यवहार को लेकर किया। कांग्रेस तथा टीएमसी के राज्यसभा के दो वरिष्ठ सांसदों ने कहा कि धनखड़ सदन को सत्तापक्ष का औजार बना रहे हैं। और विपक्षी सांसदों को मुद्दे उठाने देना तो दूर उनकी बातों को भी रिकॉर्ड से बाहर कर दे रहे हैं।

सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह ने कहा था कि मैं सन 1977 से विपक्ष में भी और सत्ता पक्ष में भी सांसद और विधायक रहा हूं। लेकिन मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। जिन नियम के तहत मुद्दों को रिजेक्ट कर दिया गया। उस पर हमें बोलने से रोकते हैं, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों को बोलने दे रहे हैं। आखिर क्यों?

मोदी सरकार की नई स्कीम..

अब सभी संस्थानों को समान पहुंच मिलेगी।

2) बेहतर शिक्षा- यह स्कीम खासतौर से टियर 2 और टियर 3 शहरों में उच्च शिक्षा और रिसर्च के स्तर को सुधारने में मदद करेगी।

3) इंट्रा-सब्जेक्ट रिसर्च- छात्रों और शोधकर्ताओं को अलग-अलग सेक्टर्स में नए विचारों और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

0 यूजीसी करेगा ओएनओएस योजना का संचालन- इस स्कीम को यूजीसी के ईनफ्लिबनेट (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क) केंद्र द्वारा को-ऑर्डिनेट किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने तीन साल के लिए 6,000 करोड़ रुपए का बजट तय किया है। योजना के अगले चरण में निजी संस्थानों को शामिल करने और सार्वजनिक पुस्तकालयों के माध्यम से नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंच प्रदान करने पर केंद्रित होगा।

योगी आदित्यनाथ का निमंत्रण.....

सीएम ने की योगी आदित्यनाथ से डिमांड- मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अनुरोध किया है कि छत्तीसगढ़ प्रयागराज महाकुंभ 2025 के अवसर पर महाकुंभ में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस प्रदेश की संस्कृति, विकास और उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए उत्सुक है।

छत्तीसगढ़ से महाकुंभ के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के भोजन एवं रहने-ठहरने की व्यवस्था हेतु महाकुंभ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लिए भूमि आरक्षित करने का अनुरोध भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से किया है।

सेवानिवृति पर शिक्षक को भावभीनी बिदाई

डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहड़ की प्रधानपाठिका एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा के प्रधानपाठक जयकुमार गजभिये की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार, ग्रामवासियों एवं संकुल परिवार व्दारा भावभीनी विदाई दी गई।

इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा देवांगन सरपंच मोहड़ ने किया, वहीं विशेष अतिथियों में मुकुंदराम देवांगन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, मीनाबाई देवांगन संरक्षक शाला प्रबंधन समिति, रंजीत बंजारे ग्राम प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शाला परिवार में लोकेश यदु, मंजू शर्मा, वंदिता श्रीवास्तव, मंजुला गढ़पायले प्र.पा.प्राथ.शाला सहित हायर सेकंडेरी स्कूल के शाला परिवार की भी उपस्थिति रही। इसी प्रकार संकुल के शास.पूर्व मा.शाला रेंगाकठेरा के प्रधानपाठक एवं संकुल प्रभारी जयकुमार गजभिये को भी शाला परिवार, ग्रामवासियों, शाला प्रबंधन समिति व संकुल परिवार द्वारा सेवानिवृत्ति पर भावभीनी बिदाई दी गई।

इस दौरान जिपं सदस्य जागृति यदु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, विशेष अतिथियों में टिकेश साहू जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव, के.आर.यादव, एम.के.अत्री, मयंक यदु सरपंच माथलडबरी, विवेकानंद यदु उपसरपंच, सुरेश यदु, रामचंद्र ठाकुर प्रबंधन समिति, साधुराम साहू आदि की उपस्थिति रही। शाला परिवार में दीपिका साहू प्रभारी प्रधानपाठिका, मोनिका ठाकुर, उमा निर्मल, सत्यभामा पटेल प्र.पा.प्राथ.शाला सहित संकुल के भी शाला परिवार उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दयानंद निषाद ने किया।

शा. दिग्विजय महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा मानवाधिकार दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरण लता दामले के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. संजय सप्तर्षि, इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय राजनीति विभाग विभागाध्यक्ष डॉ.अमिता बख्शी उपस्थिति रहे। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति के वे अधिकार है जो सभी मनुष्यों को मनुष्य होने के नाते बिना किसी भेदभाव के समान रूप से प्राप्त है, ये ऐसे अधिकार है जो मनुष्य के अस्तित्व से जुड़े हुए हैं इनके बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की है सकती।

ये सभी व्यक्तियों को विश्व में हर जगह प्राप्त है, ये अधिकार मौलिक अधिकारों से महत्वपूर्ण और अलग है। मौलिक अधिकार वे अधिकार है जो किसी देश के संविधान द्वारा उस देश के नागरिकों को प्राप्त होते है परन्तु मानवाधिकारों की प्रकृति वैश्विक है जो किसी विशिष्ट देश के संविधान से संबंधित न हो कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कानूनों द्वारा मान्यता प्राप्त है। लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से हीं 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकरों की विश्वव्यापी घोषणा को लागू किया गया था इसी उपलक्ष्य में मानवाधिकार दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को किया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का मुख्य विषय हमारा अधिकार हमारा भविष्य है। उपरोक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विनोद कुमार टीम ओकर के साथ-साथ 50 रासेयो स्वयंसेवी उपस्थिति रहे।

साधारण सभा की बैठक 23 दिसम्बर

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 23 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय विभिन्न योजनाओं के प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

आज से सीएसईबी द्वारा अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में आयोजित सभी मैच होंगे रोमांचक

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मेजबानी में 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में विद्युत कम्पनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्रीड़ा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, प्रतिबद्धता एवं खेलभावना को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

विद्युत कम्पनी के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने इस प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के विद्युत कम्पनियों की 10 टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। राजनांदगांव के स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा (जांजगीर चांपा), बिलासपुर क्षेत्र, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं अम्बिकापुर क्षेत्र के टीमों के खिलाड़ी अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। सभी टीमों को दो ग्रुप में बॉटकर लीग पद्धति से मैच खेले जायेगे। सभी मैचों के लिए निर्णायक की भूमिका में जिला व्हालीबॉल संघ द्वारा नियुक्त रेफरी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट के मुख्य आतिथ्य में होगा।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष विद्युत मण्डल की सभी कंपनियां सिविल सेवा प्रतियोगिता के अनुपालन में सभी प्रकार के खेलों का आयोजन करती है। इसी तारतम्य में विद्युत मुख्यालय रायपुर द्वारा राजनांदगांव क्षेत्र को अन्तर्क्षेत्रीय विद्युत वॉलीबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी गई हैं। संस्कारधानी में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विद्युत कम्पनीज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल हैं। डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के गत वर्ष के सफल आयोजन को देखते हुए सभी मैच बेहद ही रोमांचक होने के आसार हैं।

शोकाकुल परिवार से मिले विधायक, दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव मटिया निवासी रुपेश गुप्ता एवं रितेश गुप्ता के माताजी श्रीमती लक्ष्मी देवी का 26 नवम्बर को निधन हो गया था। जिनके दिनांक 09 दिसम्बर 2024 को तेरहवीं एवं गंगा पूजन कार्यक्रम में विधायक खुज्जी भोलाराम साहू शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए। इस दौरान राजकुमार सिन्हा कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, रूपेश गुप्ता, रितेश गुप्ता, अजय कुमार, राजकुमार सहित शोकाकुल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

दूसरी शादी कर शिक्षक ने नवविवाहित को किया दहेज के लिए परेशान, पुलिस ने भेजा जेल

राजनांदगांव (दावा)। हेमलता वर्मा निवासी धौराभाठा जो की एक शिक्षिका है, उसका विवाह 6 माह पूर्व लोमस कुमार वर्मा पिता रमेश्वर वर्मा, निवासी-घोघेडबरी जो की शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर (मोहरा) में सहायक शिक्षक पद पर पदस्थ हैं के साथ हुआ।

विवाह उपरांत उसका रवैया नवविवाहिता के लिए ठीक नहीं था, वह हमेशा घर से बाहर रहता था और रात को भी हमेशा देर से आता था, यहां तक की नवविवाहिता से बात तक नहीं करता था। कारण पूछने पर पारिवारिक मीटिंग में कहता था, मुझे शादी नहीं करनी थी, मेरी शादी जबरदस्ती कराई गई है, मुझे हमेशा घर और कार का टेंशन रहता है एवं इस प्रकार अपनी टेंशन का हवाला देकर कई चीजों की मांग करता था। इस संबंध में कई बार घर परिवार द्वारा समझाईश देने एवं पारिवारिक मीटिंग रखने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई अंतर नहीं आया, जिससे त्रस्त होकर नवविवाहित अपने मायके धौराभाठा चली आई।

कुछ दिन बाद लड़की परिवार पक्ष ग्राम स्तर घोघेडबरी में मीटिंग रखने के लिए जाने को तैयार हुए, परंतु लोमस अपने परिवार के साथ दबिश देते हुए सुबह ही धौराभाठा पहुंच गया, जहां मीटिंग की कार्रवाई आगे बढ़ने पर लोमस द्वारा 4 वर्ष पूर्व विवाहित होने एवं एक अन्य महिला को फोटो-वीडियो संबंधी ब्लैकमेल की बात सामने आई। इस प्रकार की धोखाधड़ी एवं प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने ठेलकाडीह थाने में लोमस एवं उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बाबा साहब की पुण्यतिथि पर पुरवाही द्वारा ऑनलाइन परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी

चिचोला (दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया द्वारा 6 दिसम्बर को शाम 6 बजे से 8 बजे तक आनलाइन परिचर्चा व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं के विचार के बाद दो दर्जन रचनाकारों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि व साकेत साहित्य परिषद सुरगी के पूर्व अध्यक्ष लखन साहू 'लहर' थे एवं अध्यक्षता प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के अध्यक्ष जयकांत पटेल ने की।

आधार व्यक्तव्य पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुई। प्रथम सत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर देश के प्रति किये गए उनके अवदानों को याद करते हुए विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि लखन साहू 'लहर' ने कहा कि बाबा के संविधान को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए तथा टीवी में भी प्रसारित किया जाना चाहिए। जयकांत पटेल ने जीवन-प्रसंगों को याद किया। ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत को दूर कर एक भागीरथ प्रयास किए हैं। संविधान के माध्यम से वर्षो से शोषण पीड़ित वर्ग को उनका अधिकार दिलाया। प्रीतम कोठारी ने समाज भेदभाव को हम सब मिलकर दूर कर सकते हैं। कवयित्री पदमा साहू पर्वणी ने बाबा साहब के समाज सुधार के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। दूज राम साहू ने संविधान में आरक्षण पर चर्चा की।

कोमल सिंह गुरु ने बाबा के बौद्ध धर्म के बारे में तथा पुरवाही के सचिव हेमलाल सहारे ने दलितों के प्रति भेदभाव के दंश को साझा कर समाज को जागरूक करने की बात की। दूसरे सत्र में सरस काव्यपाठ में कवियों ने समसामयिक विषयों के अलावा छत्तीसगढ़ महतारी, रक्तदान, पितृ पक्ष, नशा, प्रेम व श्रृंगारपरख गीत, किसानी, बचपन, स्त्री, सामाजिक विषमता, समरसता जैसे विषयों पर काव्य पाठ की।

इस ऑनलाइन कार्यक्रम में लखन लाल साहू 'लहर', जयकांत पटेल, ओमप्रकाश साहू 'अंकुर', पुरवाही के अध्यक्ष ग्वालाप्रसाद यादव 'नटखट', रामकुमार चन्द्रवंशी, कोमल सिंह गुरु, प्रीतम कोठारी, पूर्व अध्यक्ष शिवप्रसाद लहरे, पदमा साहू, वेदराम पटेल, अमृत साहू, हेमलाल सहारे, नंदकुमार साहू 'नादान', फकीर प्रसाद साहू, मदन मंडावी, राजेन्द्र साहू, दूज राम साहू , अंजली वाडेकर ने काव्यपाठ किया तथा काव्य प्रेमी साथी भंवर लाल बंजारे, भेषकुमार साहू, भूपेंद्र साहू प्रभात, रेशलाल नेताम, आशीष साहू, दुर्गेश सिन्हा दुलरवा पटल में जुड़े रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन हेमलाल सहारे ने किया।

अधर्म और अत्याचार बढ़ने पर आदिशक्ति कई रूपों में आकर धर्म की स्थापना करती हैं - आचार्य पं.युवराज पाण्डेय

तीनों देवताओं की शक्तियों से हुआ जन्म आदिशक्ति का

राजनांदगांव (दावा)। डुमरडीहकला में कथा के आठवें दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं.युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया। शनिवार को कथा स्थल के आसपास बुंदेली कला ठेलकाडीह पदुमतरा खैरा आदि क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पंडाल को बढ़ाया गया तब जाकर श्रद्धालुओं की भीड़ सम पाई है। पूरा कथा स्थान खचाखस भरा रहा कथा स्थल के बाहर से भी लोग प्रोजेक्ट्स से कथा श्रवण किये भागवत कथा की शुरुआत भागवत आरती और देवी जसगीत के साथ किया गया।

आचार्य पं युवराज पाण्डेय ने अपने आठवें दिन की कथा में बताया कि महिषासुर एक राक्षस था, जिसका जन्म एक महिष (भैंस) से हुआ था। वह बहुत शक्तिशाली और दुर्जेय था। महिषासुर ने भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की। भगवान ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर महिषासुर को वरदान दिया कि वह किसी भी पुरुष द्वारा मारा नहीं जा सकता। महिषासुर ने वरदान प्राप्त करने के बाद देवताओं और मनुष्यों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। वह स्वर्गलोक पर भी आक्रमण कर दिया और देवताओं को हरा दिया।

देवताओं ने भगवान विष्णु, भगवान शिव और भगवान ब्रह्मा से मदद मांगी। तीनों देवताओं ने अपनी शक्तियों को मिलाकर देवी दुर्गा को पैदा किया। देवी दुर्गा ने महिषासुर के साथ युद्ध किया और उसे मार डाला। महिषासुर की मृत्यु के साथ ही देवताओं और मनुष्यों को शांति मिली। इसके पक्ष टी रक्त बिजवाड़ चंद मुंड की वह सभी राक्षसों का वध की कथा बताते हुए कहा कि देवी दुर्गा जगदंबा की विजय हुई इसी के उपलक्ष्य में नवरात्र के महीने में देवी दुर्गा की विजय के उपलक्ष्य में नवरात्रि का उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव के दौरान, देवी दुर्गा की पूजा की जाती है और उनकी विजय का जश्न मनाया जाता है। इनके साथ श्रीमद भागवत कथा का विराम दिया गया उनके बाद गाजे बाजे अतिशबाजी के साथ रथ में गाव भ्रमण कर चण्डी यज्ञ का पूर्ण आहुति आचार्य पं युवराज पाण्डेय के साथ 11 वैदिक ब्राम्हण के साथ कराया गया।

आज के कथा में प्रमुख रूप से वरिष्ट भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति भाजपा जिला अध्यक्ष केसीजी घम्मन साहू, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी अश्वनी ठाकुर, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, धन्नु बाफना, परदेशी साहू, राकेश साहू, डुमरडीह सरपंच जजमान दिनेश-सुनीता ठाकुर, घुमका सरपंच फूलमती साहू, मुरमुन्दा सरपंच कल्पना साहू, बिरेझर सरपंच पार्वती साहू, सौरभ वैष्णव, मनोज वैष्णव, मालिखम कोसरे, पवन महोबिया सहित हजारों श्रद्धालुओ ने कथा श्रवण किये।

आईक्यू टेस्ट के माध्यम से बच्चों की अद्वितीय क्षमताओं में सकारात्मक बदलाव लाने की पहल

राजनांदगांव (दावा)। बच्चे ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, जिनकी हर मुस्कान में भविष्य की संभावनाएं छिपी होती हैं। हर बच्चा अद्वितीय है और उसे उड़ान भरने का अधिकार है। ठाकुरटोला में स्थित सीआरसी सेंटर का नैदानिक मनोविज्ञान विभाग सिर्फ दिव्यांगजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हर बच्चे के बेहतर भविष्य की नींव रखना है। यहां उपलब्ध आईक्यू टेस्ट न केवल मानसिक विकास को समझने में सहायक है, बल्कि बच्चों की छिपी हुई क्षमताओं को पहचानने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करने का सशक्त माध्यम भी है। विभागाध्यक्ष प्रशांत मेश्राम ने बताया कि बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास का मूल्यांकन समय पर किया जाना अत्यंत आवश्यक है। आईक्यू टेस्ट के माध्यम से बच्चे की तार्किक, संज्ञानात्मक और समस्या-समाधान क्षमता का विश्लेषण किया जा सकता है। यह परीक्षण यह समझने में मदद करता है कि बच्चे को किस क्षेत्र में अधिक रुचि है और वह किन विषयों में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल औपचारिक शिक्षा काफी नहीं है। बच्चों की बौद्धिक क्षमताओं को समय रहते पहचानकर उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सही दिशा में प्रोत्साहन देना आवश्यक है। 'वास्तविक आयु व्यक्ति के जन्म से अब तक के वर्षों को दर्शाती है, जबकि मानसिक आयु उसकी बौद्धिक क्षमता और समझ के स्तर को परिभाषित करती है। दोनों के बीच सामंजस्य व्यक्ति के व्यक्तित्व और क्षमता के सही आकलन में मदद करता है।' सीआरसी सेंटर में 3 से 21 वर्ष की आयु के 500 बच्चों के आईक्यू टेस्ट किए गए हैं। इनमें छोटे बच्चों की आकृतियों और रंगों को पहचानने की क्षमता जैसे तकनीकी विषय शामिल हैं। यहां सभी परीक्षण अत्याधुनिक और प्रमाणित हैं साथ ही आत्मविश्वास और स्वावलंबन को बढ़ाने में सहायक है। यहां हर उम्र के लोगों के लिए आईक्यू टेस्ट भी उपलब्ध हैं। आईक्यू परीक्षण बच्चों में छिपी क्षमताओं को उजागर करने का एक माध्यम है। सीआरसी का नैदानिक मनोविज्ञान विभाग इस दिशा में एक नई क्रांति ला रहा है। यह टेस्ट सभी बच्चों के लिए अनिवार्य हो और इसके महत्व को हर माता-पिता समझें, तभी हमारा समाज सही मायनों में तरक्की कर पाएगा। यह हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को इस परीक्षण के लिए प्रेरित करें, ताकि उनका भविष्य न केवल उज्ज्वल हो, बल्कि आत्मविश्वास से भरपूर भी बने।

पर्यावरण संरक्षण परम पुण्यात्म कार्य - द्विवेदी

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय कमला देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सालिकझिटिया में संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में आयोजित किया गया। विशेष ग्राम शिविर के नियमित बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से आमंत्रित नगर के पर्यावरण विज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने छात्रा स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण की गौरवशाली भारतीय परंपराएं विषय पर दिए विचार व्याख्यान में बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में सदा-सर्वदा से पर्यावरण संरक्षण को परम पुण्यात्म कार्य माना गया है। आदिकाल से ही हमारे वैदिक ग्रंथ, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति तत्वों - जल, मिट्टी, वायु के संवर्धन को अतीव वरियता एवं महत्ता प्रदान करते आए है। पृथ्वी को माता स्वरूप मानते हुए जल, मिट्टी, वायु और वृक्षों को देव समान पूजन, अभिसिंचन के साथ-साथ मानते हुए उनके संरक्षण को अनिवार्य कार्य-प्रकम का दर्जा दिया गया है तथा सृष्टि का प्रत्येक जीव मानवीय सभ्यता की संरक्षा एवं विकास का महत्तम आधार माना गया है। आगे डॉ. द्विवेदी ने रासेयो छात्राओं एवं ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन हेतु विशेष आह्वान करते हुए घर-घर, डगर-डगर एवं समस्त सार्वजनिक स्थलों में हरियाली-हरितिमा वाले विशेष फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया तथा नित्य जीवनचर्या में प्रत्येक जन-जन को पर्यावरण संवर्धन के मूल आधार वृक्ष-लताओं की महिमा और उनके लाभों से श्रेष्ठ उदाहरणों के साथ अवगत कराया तथा प्रेरक कथानक भी सुनाएं। डॉ. द्विवेदी ने प्रत्येक घर में, आवास में, परिसर में पंच वृक्ष - नीम, आम, जामुन, अमरूद, केला आदि अवश्य लगाये जाने चाहिए तथा सर्वाधिक प्राण वायु देने वाले बरगद, पीपल और बेल-लता-पौधों को सार्वजनिक स्थल पर प्रमुखता से लगाकर ही प्रमुख पर्यावरणीय आपदाओं जैसे भूमण्डलीय तापन, और जलवायु परिवर्तन से बचाया जा सकेगा।

पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन को डॉ. द्विवेदी ने प्रत्येक व्यक्ति-व्यक्ति का मौलिक दायित्व निरूपित किया। विचार व्याख्यान का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा प्रादर्श स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, वंदन से हुआ। रासेयो प्रभारी श्रीमती रामकुमारी ध्रुवा ने एवं दलनायक छात्राओं ने डॉ. द्विवेदी को उत्कृष्ट विचार चर्चा के लिए आभार देते हुए अभिनंदित किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे, गीतों का छात्राओं उदघोष एवं गायन भी किया।

सनातन धर्म महासभा की बैठक में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने वाले पदाधिकारियों को हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। 08 दिसम्बर को कृष्णा भवन में सनातन धर्म महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के सनातन धर्म के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम उक्त बैठक का भगवान हनुमान चालीसा का पाठ कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने प्रदेश से आये हुए पदाधिकारियों को अच्छे व नेक कार्य सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु पदाधिकारियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने सभी पदाधिकारियों को किसी भी स्तर पर सभी सनातनी प्रेमियों को किसी भी जातिवाद में नही बटने हेतु व एक ही छत के नीचे सभी सनातनी हिन्दू भाईयों को एक साथ मिलकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जात-पात की करो बिदाई हम सब सनातनी हिन्दू भाई-भाई का संज्ञान दिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल पण्डित, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा ने भी उद्बोधन में सनातन धर्म को छत्तीसगढ़ प्रदेश में गाँव-गाँव, शहर-शहर आगे बढ़ाने की बात की। तत्पश्चात मोहला-मानपुर अध्यक्ष कमलेश सारस्वत महिला मंडल व दुर्ग महिला मंडल जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, अनोखी शर्मा, अलखा बाघमार व रिता पाण्डे की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक नियुक्ति पत्र देते हुए घोषणा की। सभा का संचालन आनंद महाराज ने किया।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल शर्मा अध्यक्ष मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, रंजना, मनोज गुप्ता, देवाशीष आनंद शर्मा, अल्का बाघमार, योगेन्द्र शर्मा बंटी, रीता पाण्डे व अतिरिक्त संख्या में सनातनी बंधु उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

कलेक्टर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा गणमान्य नागरिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है।

इस दिन विशेष तरह के बने झंडे भेंटकर देश के शहीदों के परिवार के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र किया जाता है। थल सेना, वायु सेना तथा जल सेना के कितने ही जांबाज शूरवीरों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों की पत्नियों, दिव्यांग सैनिकों तथा उनके आश्रितों की देखभाल करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एकत्रित की गई धनराशि समामेलित विशेष निधि में जमा की जाती है।

नवोदय मेगा टेस्ट में ग्रामीण अंचल के बच्चों में दिखा उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव एवं मंडल साहू संघ मुड़पार के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में सर्व समाज के बच्चों के लिए निः शुल्क नवोदय मेगा टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें सुरगी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ साथ दूरस्थ गांवों के बच्चे भी शामिल हुए। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक यशवंत साहू व जीवन लाल साहू अध्यक्ष, मंडल साहू संघ मुड़पार (सुरगी) की अगुवाई में आयोजित इस मेगा टेस्ट में बच्चों, पालकों और शिक्षकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस टेस्ट में 185 बच्चों ने भाग लिया। इस मॉक टेस्ट का उद्देश्य बच्चों में नवोदय परीक्षा की प्रकृति से परीचित कराना, प्रतियोगी परीक्षा के प्रति झिझक को दूर कर मेहनत की ओर ध्यान मोड़ना और जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यशवंत साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, जीवन लाल साहू अध्यक्ष, मंडल साहू संघ मुड़पार (सुरगी), हेमंत कुमार साहू, चंद्रशेखर साहू, जिला साहू संघ राजनांदगांव के माधव साहू, परदेशी राम साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, जिला संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ महेन्द्र कुमार बघेल मधु, छन्नू लाल साहू, गोपाल साहू, हृदय हिरवानी, तिजेंद्र साहू, गोपाल साहू, सेवक साहू, विष्णु साहू, महेश साहू, थीरन साहू, दिनेश्वर साहू, सोनी सर, पिसदा सर, देवांगन सर, गायत्री साहू, कुलेश्वरदास साहू, डोहरदास साहू, इंद्रकुमार साहू, हरिनारायण साहू, तारकेश्वर साहू, ओ.पी. साहू, सीमा राय, प्राचार्य एन.के. साहू सहित अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

नगर पालिका पर मंडराया काला साया : दो पूर्व सीएमओ, दो इंजीनियर व लेखपाल हुए निलंबित, वर्तमान सीएमओ भी निलंबन के कटघरे में

नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों पर राज्य शासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई

डोंगरगढ़(दावा)। कांग्रेस शासन काल में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर की गई शिकायत पर राज्य शासन ने तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन, प्रमोद शुक्ला, इंजीनियर रितेश स्थापक, किशोर ठाकुर व लेखपाल दीपा भीवगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में चारों अधिकारी मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। पत्र में कहा गया है कि,उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त सभी अधिकारी पद स्थापना के दौरान वर्ष 2022-23 एवं 23 24 में अध्यक्ष/ पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 9, 15, 20, 21, 22 में नलकूप खनन कार्य वार्ड क्रमांक 10 में डॉ. भीमराव सामुदायिक भवन में वृहद आकार की घड़ी की स्थापना कार्य, वार्ड नंबर 6 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 8 में उद्यान निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में इंटरलॉकिंग पेपर ब्लॉक कार्य,वार्ड क्रमांक 11 में नाली रोड मुक्तिधाम में स्टोर रूम निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में नाली रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 19 में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी फ्लोरिंग कार्य, वार्ड क्रमांक 21 में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 23 जिम सामग्री क्रय कार्य, पानी टंकी में मोटर पंप स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 23 में मंच निर्माण कार्य,हेतु निविदा समिति में लेखपाल को समाहित नहीं किया गया। जिससे कि वित्तीय परीक्षण प्रश्ननाधीन है। प्लेसमेंट कर्मचारियों को प्रभारी लिपिक का दर्जा देते हुए निविदा समिति में सदस्य बनाए जाने, विभिन्न कार्यों में बिना गुणवत्ता परीक्षण बगैर टेस्ट रिपोर्ट के अनियमित भुगतान की कार्रवाई करने, समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लोहे का विवरण माफ पुस्तिका में इंद्राज नहीं कर मैन्युअल प्रावधानों के विपरीत कार्य करने, घड़ी स्थापना कार्य में बगैर वित्तीय स्वीकृति के भुगतान करने तथा 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वर्ष 2020-21 में वार्ड क्रमांक 8 बुद्ध विहार से गणेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य में त्रुटिपूर्वक निविदा कार्रवाई निष्पादित कर गुणवत्ताविहीन कार्य करने हेतु प्रारंभिक जांच में अवचार के दोषी पाए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि, उक्त कृत्य गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। अतएव राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ को छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को विष्णुदेव के सुशासन ने किया उजागर - रामजी भारती

प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने राज्य शासन द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रेस को दी गई अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि कांग्रेस के कुशासन में हुए भ्रष्टाचार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन ने उजागर कर दिया है। इसी प्रकार की कार्रवाई उन समस्त विभागों में की जाएगी जहां कांग्रेस शासन काल में भारी पैमाने में भ्रष्टाचार किया गया था। जांच की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

जांच कमेटी ने सीएमओ को वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया

डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के निर्देश पर गठित जांच कमेटी द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि दिनांक 10 अक्टूबर को राजस्व एवं नगरी निकाय की संयुक्त जांच टीम द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के मेला स्थल में आबंटित दुकान/पसरा की जांच की गई। जिसमें आबंटन प्रक्रिया अनुसार मुनादी/सूचना अथवा समाचार पत्रों में किसी प्रकार का प्रचार - प्रसार संबंधी दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में अनेक बिंदुओं पर जांच की गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा को दोषी पाते हुए कहा गया कि उनके द्वारा अपने पद का गलत उपयोग करते हुए वर्तमान मेला प्रदर्शनी के आबंटन में धांधली की गई हैं। जो की वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। उपरोक्त समस्त कंडिकाओं की जांच में प्रथम दृष्टिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ जिम्मेदार है। जांच कमेटी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष चंद दुबे लाल बहादुर नगर, नायब तहसीलदार सतपाल यादव डोंगरगढ़, नायब तहसीलदार प्राची लांगे डोंगरगढ़ शामिल थे।

मेला व्यवस्था में की गई वित्तीय अनियमितता को लेकर वर्तमान सीएमओ भी निलंबित हो सकते हैं

नवरात्र मेले के दौरान दावा प्रेस रिपोर्टर द्वारा प्रशासन को प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई जांच में वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने वाले वर्तमान सीएमओ चंद्रकांत शर्मा पर निलंबन की गाज गिर सकती है। जांच कमेटी द्वारा अक्टूबर 2024 को सौंपी गई रिपोर्ट पर प्रशासन द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं की गई।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की पहल से राजनांदगांव विधानसभा को मिली करोड़ों की सौगात

0 राजनांदगांव में 8 करोड़ 60 लाख रुपये की विकास कार्यों को मंजूरी,
० क्षेत्र के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

शासन के इस निर्णय पर राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि 'इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।' इसके साथ ही राजनांदगांव के नागरिकों एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, किशुन यदु, राजेश श्यामकर, अमर लालवानी, भावेश बैद, दीपक चौहान आदि ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया और उनकी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

मिथिलाधाम में भंडारा कार्यक्रम आयोजन हुआ

राजनांदगांव (दावा)। मिथिला धाम श्री गणेश हनुमान मंदिर मौनी बाबा आश्रम के प्रमुख पूज्य गुरुदेव मौनी बाबा के द्वारा श्री राम जानकी विवाह के उपलक्ष्य में चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश में साधु संन्यासियों का भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया हैं। भंडारा के पश्चात सभी साधुओं को एक कंबल और दक्षिण देकर विदाई किया गया है। ज्ञात हो कि त्रेता युग में राजा जनक ने जानकी विवाह के पश्चात अपने राज्य के सभी साधुओं को अन्न धन और गौ दान किया था।

इस परंपरा के अंतर्गत मोनी बाबा ने चित्रकूट धाम में डेढ़ हजार साधुओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दिया है। इस अवसर पर राजनांदगांव मिथिलाधाम मंदिर के पंडित आदित्य और योगेश माणेक वहां उपस्थित रहकर भंडारा का विधिवत रूप से संपन्न कराया है।यह आयोजन चित्रकूट धाम के गोविंद महाराज के आश्रम मे जो कि जानकी कुण्ड के पास है।

युगांतर में स्टेम ग्रेंड क्वेस्ट इंटर स्कूल प्रतियोगिता शानदार आयोजन

YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा स्टेम ग्रेंड क्वेस्ट इंटर स्कूल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विज्ञान, तकनीकी, इन्जीनियरिंग, गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस बृहद आयोजन में छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव और भिलाई की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया।

विविध एक्टिविटीज के लिए विविध शैक्षणिक कक्ष बनाए गए थे। इस आधार पर विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का मूल्यांकन हुआ। इस भव्य प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक कैश प्राइज भी प्रदान किया गया। विद्यार्थी प्रतियोगिता के जरिए अपनी क्रिएटिविटी, इनोवेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स का विकास किए। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अखराज कोटड़िया, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय अपने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित उपस्थित रही। ब्रेन ब्लास्ट क्विज कॉम्पिटिशन में गायत्री विद्यापीठ प्रथम, युगांतर पब्लिक स्कूल द्वितीय, टेक्नो ट्राइब डिजिटल प्रेजेंटेशन में डीपीएस भिलाई प्रथम, नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगाँव द्वितीय, रैपिड रिट्रोफिट प्रोजेक्ट मेकिंग में युगांतर पब्लिक स्कूल प्रथम, नीरज पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रही। इस स्कूलों के विद्यार्थियों को आकर्षक कैश प्राइज और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने भविष्य में पुरस्कार की राशि बढ़ाने का भी ऐलान किया।

बेचना है
(1) मोतीपुर से ढाबा रोड पर ढाबा में 76 डिसमिल जमीन बेचना है।
(2) रामनगर में स्कूल के पास 14 डिसमिल बेचना है।
(3) 21 ईंट बनाने वाली हैवी फ्लाई एश ब्रिक्स मशीन बेचना है।
- : संपर्क :-
मनोज सिन्हा मोतीपुर
राजनांदगांव
7697225949, 7999580145, 6267688665

प्लॉट बेचना है
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

पटवारियों की हड़ताल से तहसील कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

नक्शा -खसरा व जमीन संबंधी कार्य लेकर आने वाले लोगों को हो रही परेशानी

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। राजस्व पटवारियों द्वारा आनलाइन कार्यों का बहिष्कार किए जाने से जमीन संबंधी कार्य लेकर आने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। बता दें कि पटवारियों के पास ज्यादातर नक्शा - खसरा से लेकर जमीन संबंधी अन्य कार्यों को लेकर आते हैं लेकिन उनके द्वारा उक्त से संबंधित आनलाइन कार्यों का बहिष्कार करना शुरू किए जाने से किसानों व अन्य लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है।

बताते चलें कि राजस्व पटवारियों द्वारा यह हड़ताल प्रांतीय संगठन के आह्वान पर किया जा रहा है। जिसके चलते जिले के पटवारियों ने आनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने के उद्देश्य से धरना- प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वहीं कुछ पटवारी काली पट्टी लगाकर काम कर रहे हैं। चूंकि राजस्व का काम अब आफलाइन होना लगभग बंद हो चुका है सभी कार्य आफलाइन होने लगे हैं। इसलिए बिना संसाधन के पटवारियों को परेशानी होने लगी है। पटवारियों का कहना है कि राजस्व संबंधी कार्यों को भूंइया के माध्यम से आनलाइन किया गया है। इसके अलावा के अधिकतर कार्य कृषि संग्रहण, फसल कटाई को भी आनलाइन पूर्ण किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अभी तक पटवारियों को आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। ऐसे में आनलाइन कार्यों को पूर्ण करने के लिए स्वंय की राशि से उपकरणों की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

सीएम के नाम ज्ञापन

प्रदेश संगठन के आह्वान पर शहर सहित जिले भर के राजस्व पटवारियों के आनलाइन कार्यों के बहिष्कार किए जाने के चलते धरना- प्रदर्शन भी किया गया और इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। उक्त ज्ञापन में संसाधन उपलब्ध न कराने जाने तक प्रत्येक सोमवार को काले कपड़े पहन कर शासकीय कार्यों का निर्वहन करने की जानकारी भी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि 15 दिसंबर तक आनलाइन के आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाने पर जिले के सभी पटवारी आनलाइन कार्यों का पूरी तरह से बहिष्कार करने बाध्य होंगे और 16 दिसंबर से इसका पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जवाबदेही शासन और प्रशासन की होगी। पटवारियों द्वारा आनलाइन कार्यों के बहिष्कार में बड़ी संख्या में शामिल होने से तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। वैसे अभी भी आनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने राजस्व पटवारी काली पट्टी लगाकर अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इससे शासन-प्रशासन के प्रति उनकी नाराजगी देखने को मिल रही है।

> राजस्व पटवारियों का आनलाइन कार्यों का बहिष्कार का मामला शासन स्तर है। वे संसाधन व भत्ता की मांग कर रहे हैं। ऊपर से ही मामला सुलझ पाएगा।
>
> **- मनीष वर्मा,**
> **तहसीलदार राजनांदगांव**

आज साय कैबिनेट की अहम बैठक, सीएम नवा रायपुर में लेंगे मीटिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार कैबिनेट की बैठक बुधवार को बुलाई गई है। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे से नवा रायपुर के महानदी भवन मंत्रालय में बैठक होगी। इससे पूर्व पिछली कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश के नगर पालिक निगमों के महापौर एवं नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बैठक में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश, 2024 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 (प्रत्यक्ष निर्वाचन एवं आरक्षण संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने के संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

महाराष्ट्र में ठेकेदारों ने 36 मजदूरों को बंधक बना मांगी 9 लाख की फिरौती, पुलिस ने छुड़ाकर भेजा घर

अंबागढ़ चौकी (दावा)। महाराष्ट्र में बंधक बनाए गए 36 मजदूरों को पुलिस ने ठेकेदार के कब्जे से छुड़वा लिया है। सभी मजदूर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम विचारपुर के रहने वाले हैं, जिन्हें नांदेड़ (महाराष्ट) के ठेकेदार अपने साथ मिर्ची तोड़ने का काम दिलाने लेकर गए थे, पर वहां मजदूरों से गन्ने तोड़वाने का काम दिया। हफ्तेभर बाद जब मजदूरों को वापस घर लौटने की बात कही तो ठेकेदार ने उन्हें बंधक बना लिया।

घर लौटने के लिए मजदूरों से नौ लाख रुपये की मांग की। मजदूरों को खेत पर ही टिन शेड में बंधक बनाकर रखा गया। जैसे-तैसे दो दिन पहले मजदूरों ने एक विडियो बनाकर अपने स्वजनों को भेजा, जिसके बाद बंधक मजदूरों के परिवार वालों ने शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। श्रमिकों को बंधक बनाने की शिकायत मिलते ही कलेक्टर तुलिका प्रजापति व पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क कर जांच कराई।

बुधवार को घर लौट आएंगे मजदूर

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र धाराशिव पुलिस की मदद से ठेकेदार के कब्जे से सभी मजदूरों को छुड़वा लिया गया है। सोलापुर रेलवे स्टेशन से श्रमिकों को ट्रेन भी बैठा दिए हैं। बुधवार को सभी मजदूर घर लौट आएंगे। स्थानीय पुलिस द्वारा भी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

धान खरीदी में अव्यवस्था-कांग्रेस ने दिया धरना

महेंद्र यादव के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने और भी कांग्रेसी नेताओं के साथ सुरगी सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करके अनेक खामियां पाई किसानों ने अव्यवस्था को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की कांग्रेस नेताओं ने समस्या दूर करने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की।

श्री यादव ने कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा धान खरीदी केन्द्रों पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा।

टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा घान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे उनकी बारी ही नहीं आ सरकार ने यह घोषणा किया है कि कर रहे उनकी बातों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो रही है।

लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के घंटे में किसानक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रकम हफ्तो से टला आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 300 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसायटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेवर चार्ज बढ़ गया इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया। हमारा आपसे आग्रह है कि किसानों की परेशानियों के निराकरण तथा किसानों का पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु आप हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष पंकज बांधव, महामंत्री महेंद्र यादव, दुर्गेश कुमार द्विवेदी, अजय मार्कंडेय, संयुक्त महामंत्री, तुकज साहू, योगेन्द्र दास वैष्णव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस, रोहित चंदाकर जनपद सदस्य, रोशनी वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य, भेखदास साहू सरपंच, लोकेश गंगवीर पूर्व सरपंच, दिलीप चंदाकर, जनक साहू, सावंत साहू, हेमंत साहू, चुम्मन निषाद, महेश दिवाकर, गुमान ढीमर, धन्ना साहू, हुलासी ढीमर, चैन साहू, धर्मेन्द्र साहू, मांनसिग साहू, तेजेन्द्र वैष्णव, तारा साहू ,शनि साहू, ओमप्रकाश साहू, तीरथ साहू , देवेन्द्र साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com